संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 99 रविवार 09 फरवरी 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## भाजपा 26 सीटें ज्यादा जीतीं,48 सीटों के साथ स्पष्ट बहुमत...आप 22 पर सिमटी

# भाजपा ने दिल्ली में जीत का परचम लहराया

**नई दिल्ली,08 फरवरी 2025(ए)।** दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के रिजल्ट शनिवार को आए। भाजपा ने 26 साल बाद स्पष्ट बहुमत हासिल किया। भाजपा ने 48 और आम आदमी पार्टी ने 22 सीटें जीतीं।

भाजपा+ को आप से 3.6 प्रतिशत ज्यादा वोट मिले। इससे 26 सीटें ज्यादा मिलीं। पिछली चुनाव में 8 सीटें थीं। कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली।

भाजपा ने 1993 में 49 सीटें यानी दो तिहाई बहुमत हासिल किया था। 5 साल की सरकार में मदन लाल खुराना, साहिब सिंह वर्मा और सुषमा स्वराज सीएम बनाए गए थे। 1998 के बाद कांग्रेस ने 15 साल राज किया। इसके बाद 2013 से आम आदमी पार्टी की सरकार थी।

इस बार भाजपा की 71 प्रतिशत स्ट्राइक रेट के साथ 40 सीटें बढ़ीं। पार्टी ने 68 पर चुनाव लड़ा, 48 सीटें जीतीं। वहीं आप को 40 सीटों का नुकसान हुआ। आप का स्ट्राइक रेट 31त्न रहा।

भाजपा ने पिछले चुनाव (2020) के मुकाबले वोट शेयर में 9 प्रतिशत से ज्यादा का इजाफा किया। वही आप को करीब 10 प्रतिशत का नुकसान हुआ है। कांग्रेस को भले ही एक भी सीट नहीं मिली, लेकिन वोट शेयर 2 प्रतिशतबढ़ाने में कामयाब रही।

### कांग्रेस फिर जीरो,लेकिन 14 सीटों पर आप को हरवाया

कांग्रेस दिल्ली में जीरो थीं, जीरो ही रही। लेकिन आम आदमी पार्टी को जरूर हरवा दिया। 14 सीटों पर आम आदमी पार्टी की हार का अंतर, कांग्रेस के मिले वोटों से कम है। यानी अगर आप और कांग्रेस का गठबंधन होता, तो दिल्ली में गठबंधन की सीटें 37 हो जातीं और बीजेपी 34 सीटों पर सिमट सकती थी।

### इस सीट पर मिली सबसे बड़ी जीत और कम अंतर से हार

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के नतीजे साफ हो चुके हैं, और बीजेपी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज कर 27 साल बाद सत्ता में वापसी की है। आम आदमी पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा, जिसमें कई दिग्गज नेता चुनाव हार गए।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली सीट से 3,000 से अधिक वोटों के अंतर से हार गए, जबकि पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को जंगपुरा सीट पर मात्र 869 वोटों से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि,आप नेता आतिशी ने कालकाजी सीट बचाने में सफलता पाई, लेकिन बीजेपी के रमेश बिधूड़ी ने उन्हें कड़ी टक्कर दी, और आतिशी महज 1,000 से कुछ अधिक वोटों से जीत सकीं। दिल्ली के चुनाव में तीन सीटें ऐसी रहीं जहां जीत-हार का फैसला 500 से भी कम वोटों से हुआ।

### कम अंतर से हुए सबसे करीबी मुकाबले

**➡ महरौली : 482 वोट से जीत**

महरौली सीट पर आम आदमी पार्टी और बीजेपी के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। आप ने यहां से अपने मौजूदा विधायक नरेश यादव का टिकट काट दिया, जिसके बाद उन्होंने बीजेपी का दामन थाम लिया।

बीजेपी के गजेंद्र सिंह यादव को 48,022 वोट मिले।

आप के महेंद्र चौधरी को 46,426 वोट मिले। बीजेपी ने मात्र 482 वोट से जीत दर्ज की।

**➡ त्रिलोकपुरी : 392 वोट से फैसला**

त्रिलोकपुरी सीट (एससी आरक्षित) पर भी बेहद करीबी मुकाबला हुआ।

बीजेपी के रविकांत को 58,217 वोट मिले।

आप की अंजना पारचा को 57,825 वोट मिले। बीजेपी ने मात्र 392 वोट से जीत दर्ज की।

**➡ संगम विहार : सबसे कम अंतर से हुआ फैसला (344 वोट)**

दिल्ली चुनाव में सबसे कम अंतर से जीत संगम विहार सीट पर हुई।

बीजेपी के चंदन कुमार चौधरी को 54,049 वोट मिले।

आप के दिनेश मोहनिया को 53,705 वोट मिले। बीजेपी ने सिर्फ़ 344 वोटों से यह सीट जीत ली।

### अन्य प्रमुख सीटों पर मतगणना का हाल

**मटिया महल :** आप के आले मोहम्मद इकबाल को 42,724 वोट मिले।

**सीलमपुर :** आप के चौधरी जुबैर अहमद को 42,477 वोट मिले।

**रोहिणी :** बीजेपी के विजेंद्र गुप्ता को 37,816 वोट मिले।

दिल्ली चुनाव में बीजेपी ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए बहुमत हासिल किया, जबकिआप के लिए यह चुनाव एक बड़ा झटका साबित हुआ।






## दिल्ली के लोगों ने आप-दा को बाहर कर दिया है...

### दिल्ली का जनादेश स्पष्ट हैः पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आज की यह ऐतिहासिक विजय है। यह सामान्य विजय नहीं है, दिल्ली के लोगों ने आप-दा को बाहर कर दिया है...दिल्ली का जनादेश स्पष्ट है...आज दिल्ली में विकास, विजन और विश्वास कि जीत हुई है... प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आज दिल्ली में, दिल्ली के लोगों में एक उत्साह भी है और एक सुकून भी है। उत्साह विजय का है और सुकून दिल्ली को,क्क्दा से मुक्त कराने का है...प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा,



दिल्ली के लोगों ने शॉर्टकट वाली राजनीति का शॉर्ट-सर्किट कर दिया। आज दिल्ली के लोगों ने स्पष्ट कर दिया है। दिल्ली के असली मालिक केवल दिल्ली के लोग हैं। जो लोग दिल्ली के मालिक होने की सोच रहे थे, उनके सामने सच्चाई आ गई है। दिल्ली के जनादेश से यह भी स्पष्ट है कि राजनीति में शॉर्टकट, झूठ के लिए कोई जगह नहीं है। दिल्ली के लोगों ने शॉर्टकट वाली राजनीति का शॉर्ट-सर्किट कर दिया।

## आप की हार के बीच दिल्ली सचिवालय सील

### आला अधिकारियों को दिए गए ये निर्देश

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव की मतगणना के बीच बड़ा प्रशासनिक कदम उठाया गया है। अरविंद केजरीवाल की हार की खबर के बाद सरकारी दस्तावेजों और डेटा की सुरक्षा के मद्देनजर आला अधिकारियों को तुरंत सचिवालय पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। अब दिल्ली सचिवालय को सील कर दिया गया है।संयुक्त सचिव ने आदेश जारी किया है। जिसमें उन्होंने आला अधिकारी को तुरंत दिल्ली सचिवालय पहुंचने का निर्देश दिया है। यह फैसला दिल्ली में चुनाव रुझानों को देखते हुए लिया गया है।




## दिल्ली चुनाव नतीजों पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई नेताओं का रिएक्शन, कही ये बात

दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, नितिन गडकरी समेत कई नेताओं का रिएक्शन सामने आया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली चुनाव में भाजपा की जबरदस्त विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की नीतियों के प्रति विश्वास की जीत है। लगभग 27 साल बाद दिल्ली की जनता ने भाजपा को अपना विश्वास और आशीर्वाद दिया है। इसके लिए दिल्ली की जनता के प्रति आभार व्यक्त करता हूं।रक्षा मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, दिल्ली के विधानसभा चुनाव में भाजपा की जबरदस्त विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और भाजपा की नीतियों के प्रति विश्वास की जीत है। इस देश की जनता का भरोसा पीएम मोदी की विश्वसनीयता और भाजपा की सुशासन और विकास की राजनीति में है। इस शानदार जीत के लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, दिल्ली प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा एवं सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई देता हूं।

उन्होंने आगे लिखा, लगभग 27 साल बाद दिल्ली की जनता ने भाजपा को अपना विश्वास और आशीर्वाद दिया है। इसके लिए दिल्ली की जनता के प्रति मैं अपना आभार व्यक्त करता हूं। विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए विकसित दिल्ली अति आवश्यक है। इस जीत के बाद डबल इंजन की सरकार दिल्ली के विकास को, नई गति को बुलंदी प्रदान करेगी।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने दिल्ली में चुनाव के परिणाम पर एक्स पोस्ट में लिखा, आपदा मुक्त दिल्ली। आज दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणाम में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, अंत्योदय व विकासपरक नीतियों पर जनता-जनार्दन के अटूट समर्थन की जीत है। प्रत्येक बूथ पर अथक परिश्रम करने वाले भाजपा के हमारे कार्यकर्ताओं और प्रदेश नेतृत्व को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। %आप-दा' सरकार ने दिल्ली में भ्रष्टाचार, कुशासन और तुष्टिकरण की सारी सीमाएं लांघ दी थी। आज दिल्ली उनके झूठ, छल और प्रपंच से मुक्त होकर प्रगति और प्रतिष्ठा के नए युग में अपनी यात्रा आरंभ कर रही है। यह जनादेश %विकसित दिल्ली-विकसित भारत' के हमारे संकल्प को साकार स्वरूप प्रदान करेगा। इस प्रचंड विजय के लिए मैं प्रधानमंत्री जी के प्रति आभार प्रकट करता हूं और समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं और दिल्लीवासियों का अभिनंदन करता हूं।


केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी दिल्ली चुनाव में भाजपा के शानदार पर लिखा, यह विकास और सुशासन की जीत है। दिल्ली में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में चहुंमुखी विकास पर जनता ने लगाई मोहर है। दिल्ली में विकास, सुशासन और सबका साथ, सबका विकास के मूलमंत्र के साथ सबको लेकर हम विकास के हाईवे पर आगे बढ़ रहे है। देश की राजधानी में मिली इस भव्य जीत के लिए मैं प्रधानमंत्री मोदी, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा,दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, पार्टी के सभी पदाधिकारियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई देता हूं और उनका अभिनंदन करता हूं। हमारे साथ रहीं दिल्ली की जनता जनार्दन को कोटि-कोटि धन्यवाद।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिल्ली चुनाव में भाजपा के प्रदर्शन को लेकर आम आदमी पार्टी पर तंज कसा। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा,आपदा से मुक्ति।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, दिल्ली चली मोदी के साथ! प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में विकास की राजनीति पर आशीर्वाद देने के लिए दिल्लीवासियों का हृदय से आभार। विकसित दिल्ली को समर्पित इस ऐतिहासिक जीत के लिए सभी भाजपा प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई। दिल्लीवालों ने झूठे भाषण, खोखले वादे, टूटी सड़कों, प्रदूषण, गंदे पानी, दूषित यमुना और शीशमहल में हुए भ्रष्टाचार आदि के विरुद्ध अपना जनादेश दिया है। गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के प्रयासों और सभी कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से आपदा मुक्त राजधानी में कमल खिला है। स्वच्छ, स्वस्थ और सुरक्षित दिल्ली के लिए जिस विश्वास के साथ दिल्लीवासियों ने हमें ये जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर खरा उतरते हुए हम उनसे किए अपने हर वादे को निभाएंगे व इसे नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तत्परता से कार्य करेंगे।

## आप के झूठ का राज हुआ समाप्त

### यह दिल्ली में विकास और विश्वास के एक नए युग की शुरुआत:अमित शाह




देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 27 साल बाद में बीजेपी की सरकार में वापसी के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि दिल्ली में झूठ का राज समाप्त हो गया है और यह दिल्ली में विकास और विश्वास के एक नए युग की शुरुआत है।

एक्स पर एक पोस्ट में शाह ने कहा दिल्ली के दिल में मोदी। दिल्ली की जनता ने झूठ, छल और भ्रष्टाचार के शीशमहल को ध्वस्त करके दिल्ली को आपदा मुक्त बनाने का काम किया है। दिल्ली ने वादाखिलाफी करने वालों को ऐसा सबक सिखाया है कि यह देश भर में जनता से झूठे वादे करने वालों के लिए एक मिसाल कायम करेगा। यह दिल्ली में विकास और विश्वास के एक नए युग की शुरुआत है।

## दिल्ली चुनाव में करारी हार के बाद अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी को दी शुभकमनाएं,

दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा है। चुनावी नतीजों के बाद पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि हमने 10 साल तक काम किया है लेकिन जनता का फैसला हमें स्वीकार है और हम बीजेपी को शुभकमनाएं देते हैं। उन्होंने ने आगे कहा कि हम आगे भी लोगों के काम आते रहेंगे। उन्होंने आगे कहा, मैं बीजेपी को इस जीत के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं। जनता ने जिस आशा के साथ उन्हें बहुमत दिया है, उम्मीद है कि वे उनकी उम्मीदों पर खरा उतरेंगे।



## दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के रुझानों पर बोले अन्ना हजारे

### शराब की वजह से केजरीवाल हुए बदनाम

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर शनिवार को चुनाव आयोग द्वारा जारी शुरुआती रुझानों में भाजपा को पूर्ण बहुमत का आंकड़ा मिला है। शुरुआती रुझानों के अनुसार, भाजपा 48 सीटों पर और आम आदमी पार्टी 22 सीटों पर बढ़त बनाए हुए हैं। 10 साल से सत्ता में काबिज आम आदमी पार्टी एक करारी हार की ओर बढ़ रही है। इस बीच समाजसेवी अन्ना हजारे का बयान भी सामने आया है।अन्ना हजारे ने मीडिया से कहा, ÷केजरीवाल शराब के कारण बदनाम हुए और उन्होंने दिल्ली की जनता का विश्वास खो दिया। मैं लंबे समय से कह रहा हूं कि चुनाव लड़ते समय उम्मीदवार का चरित्र अच्छा होना चाहिए, उसके विचार अच्छे होने चाहिए और उसकी छवि पर कोई दाग नहीं होना चाहिए। लेकिन, उन्हें (आप) यह समझ में नहीं आया। वे शराब और पैसे में उलझ गए। शराब घोटाले की वजह से अरविंद केजरीवाल की छवि खराब हुई और इसलिए उन्हें चुनाव में कम वोट मिल रहे हैं। लोगों ने देखा कि अरविंद केजरीवाल चरित्र की बात करते हैं लेकिन खुद शराब में लिप्त हो जाते हैं।




## राहुल गांधी बीजेपी को हराने में असमर्थ हैं..,

### चुनाव नतीजों पर तेलंगाना के नेता का बयान

दिल्ली चुनाव परिणामों पर, बीआरएस कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने कहा, दिल्ली चुनावों ने फिर से साबित कर दिया है कि राहुल गांधी बीजेपी को हराने में असमर्थ हैं... वह खुद जीत नहीं सकते और अंततः क्षेत्रीय पार्टियों को कमजोर कर देते हैं और अप्रत्यक्ष रूप से बीजेपी की मदद करते हैं... मैं राहुल गांधी को बधाई देता हूं कि उन्होंने बीजेपी को एक और जीत दिलाने में मदद की। मुझे यकीन है कि वह इस उपलब्धि पर बहुत गर्व महसूस कर रहे होंगे...



## विष्णुदेव सरकार के मंत्री झूमे बीजेपी की जीत पर

दिल्ली विधानसभा चुनाव के रुझानों में भाजपा की सरकार बनते नजर आ रही है। फिलहाल 48 सीटों पर भाजपा ने लीड ले ली है। इस चुनाव में आम आदमी पार्टी 22 सीट पर आगे है और कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो चुका है। दिल्ली में बीजेपी की जीत का जश्न छत्तीसगढ़ में भी मनाया जा रहा है। इस दौरान मंत्री राम विचार नेताम ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ जीत की खुशी में डांस किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिल्ली में बीजेपी की जीत पर कहा कि सुशासन है विकास है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ सबका विश्वास को मूल मंत्र मानकर सभी वर्गों को ध्यान में रखकर काम कर रहे हैं, इसलिए देश की जनता का विश्वास उनपर और भाजपा पर है। छल कपट ज्यादा दिन तक चलता नहीं है।



## महत्वपूर्ण खबर

### डीजल की कीमत में 7 रुपए की बढ़ोतरी,पेट्रोल भी हुआ महंगा




**नई दिल्ली,08 फरवरी 2025(ए)।** आम आदमी को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। कंगाली से जूझ रहे भारत पड़ोसी के देश पाकिस्तान में तो दोहरी मार पड़ रही है। वहां की खाने-पीने की चीजों के दाम तो बढ़ ही रहे हैं, साथ ही साथ पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी आग लगी हुई है। इसी बीच सरकार ने एक बार फिर वहां पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ा दी है। नई कीमतों को लेकर पाकिस्तानी सरकार के वित्त मंत्रालय ने आदेश जारी कर दिया है।

### 1 अप्रैल से शुरू होगा प्रदेश में नया शैक्षणिक सत्र

#### 20 मार्च से शुरू होंगे प्रवेश

**भोपाल,08 फरवरी 2025(ए)।** सरकारी स्कूलों में नए शैक्षणिक सत्र के लिए एडमिशन प्रक्रिया 20 से 31 मार्च तक चलेगी। एक अप्रैल से नया सत्र शुरू होगा। इसी दिन विद्यार्थियों को किताबें वितरित की जाएंगी।



लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी संभागीय संयुक्त संचालकों, जिला शिक्षा अधिकारियों और हायर सेकंडरी और हाईस्कूल के प्राचार्यों को इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए हैं।एडमिशन प्रक्रिया से पहले शिक्षक हर स्कूल के आसपास रहने वाले विद्यार्थियों को दोबारा दाखिला लेने की सूचना देंगे। छात्रों से कराई जाने वाली एक्टिविटीज का निर्धारण भी विभाग ने कर दिया है। इसमें पढ़ाई के साथ प्रार्थना सभा पर भी फोकस है।

**9-12 वीं तक प्रोविजनल एडमिशनः** परीक्षाएं खत्म होने के बाद कक्षा 8वीं से 11वीं तक के रिजल्ट को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को प्रोविजनल एडमिशन दिया जाएगा। 4 अप्रैल को शाला प्रबंधन और विकास समिति की बैठक होगी। इसमें स्कूल के पूर्व छात्रों को आमंत्रित किया जाएगा। इनके बीच अध्ययन, अध्यापन की प्रस्तावित कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

### 500 रुपये के स्टांप पेपर पर महिला सरपंच ने अपने अधिकार ग्रामीण को सौंपा

**नीमच,08 फरवरी 2025(ए)।** मध्य प्रदेश के नीमच जिले से हैरान करने वाला मामला सामने आया है।




महिला सरपंच ने कथित रूप से 500 रुपये के स्टांप पेपर पर हस्ताक्षर करके अपने अधिकार एक व्यक्ति को सौंप दिए हैं। सरपंच कैलाशी बाई कछावा को पंचायत अधिकारी ने नोटिस थमाया है।

### हाइवे किनारे सो रहे परिवार पर भूमाफिया ने चलाया बुलडोजर



**बरेली,08 फरवरी 2025(ए)।** यूपी के बरेली में भूमाफिया ने मकान पर कब्जा करने की नीयत से एक घर पर बुलडोजर चला दिया। उस समय घर के अंदर पूरा परिवार सो रहा था। बुलडोजर चलने के कारण परिवार के चार लोग बुरी तरह से घायल हो गए। इसकी सूचना जब पुलिस और प्रशासनिक अफसरों को लगी तो एसडीएम और सीओ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद घायलों से मिलने के लिए अस्पताल गए। घायलों से पूछताछ के बाद पुलिस ने 12 नामजद समेत 15 से 20 अज्ञात खिलाफ रिपोर्ट कर ली। पुलिस ने आरोपियों की तलाश के लिए दबिश दी। शुक्रवार को पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया।

### एएसआई ने फांसी लगाकर की खुदकुशी,परिजन सदमें में

**झांसी,08 फरवरी 2025(ए)।** यूपी के झांसी में आरपीएफ के एएसआई ने गुरुवार रात कार्यालय के स्टोर रूम में फंदा लगाकर जान दे दी। वह रात में ड्यूटी खत्म करके घर चले गए। इसके बाद चोरी-छिपे कार्यालय पहुंचे और फंदा लगा लिया। परिजनों ने बताया कि वह लोन को लेकर परेशान चल रहे थे। सूचना पर आरपीएफ के आला अफसर मौके पर पहुंचे व पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



## संपादकीय

### लोकतांत्रिक बर्ताव नहीं

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष पर करारे कटाक्ष किए। कहा कि हम तीसरी बार सत्ता में हैं, हम अनेक बार सत्ता में आएंगे। उन्होंने पिछले दस सालों का लेखा-जोखा और 2047 तक की कार्य-योजना प्रस्तुत की। कहा कि पिछली सरकारों ने तुष्टिकरण का रास्ता चुना, लेकिन हमने संतुष्टिकरण का रास्ता चुना। राष्ट्रपति के अभिभाषण को बोरिंग बताने वाले लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर भी उन्होंने तंज किया। पच्चीस करोड़ लोगों के गरीबी से ऊपर उठने और गरीबों को चार करोड़ पक्के घर देने की बात भी की।कुछ देशों के बीस सालों में विकसित बनने की तारीफ करते हुए मोदी ने सवाल किया कि हम क्यों नहीं बन सकते। तार्किक तौर पर देखा जाए तो मोदी का यह जवाब चुनावी भाषण ज्यादा प्रतीत हुआ। बेशक, सरकार की उपलब्धियों का गुणगान करना उनका दायित्व है मगर जब बात सदन में हो तो प्रधानमंत्री को देश की नुमाइंदगी करनी होती है। बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई तथा अन्य सामायिक मसलों से ध्यान हटाने की कोशिशों को उन्होंने हमेशा की तरह दर-किनार ही रखा।राहुल गांधी ने जवाब में संविधान की किताब दिखाते हुए याद दिलाया कि 2024 में भाजपा का चार सौ से ज्यादा सीटों पर आने का दावा धरा रह गया। भाषण के दौरान लगातार शोरशराबा होता रहा जो लोकतांत्रिक बर्ताव नहीं है। सदन की गरिमा और संवैधानिक नियमों का सबको पालन करना सीखना होगा। मोदी का राष्टपति पर की गई टिप्पणी का जिक्र किया जाना भी उचित माना जाना चाहिए। मगर वे जिस तुष्टिकरण को लेकर विपक्ष को घेर रहे हैं, उससे उनकी सरकार भी मुक्त नहीं है।बात राशन बांटने की हो, मकान बना कर देने या सीधा बैंक खातों में धन राशि देने की, और मुफ्त की रेवड़ियां बांटने में भी मोदी सरकार पीछे नहीं है। जनता या कार्यबल के सार्थक सदुपयोग की बजाय देशवासियों में अकर्मण्यता का भाव भरना मुल्क की तरक्की में बाधक बन सकता है।चीन की कथित घुसपैठ को लेकर भी इस सरकार का रवैया स्पष्ट नहीं है। विपक्ष द्वारा यह मुद्दा उठाने पर वे हमेशा बगलें झांकते हैं। यह देश की सुरक्षा से जुड़ा मसला है। इस पर सरकार को कड़ा रुख इख्तियार करना ही होगा। केवल छींटा-कशी के लिए ही इस गंभीर मसले का प्रयोग तत्काल बंद होना जरूरी है।

# बेटी नहीं बचाओगे,तो बहू कहाँ से लाओगे ?



प्रियंका सौरभ
आर्यनगर, हिसार (हरियाणा)

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ...कार्यक्रम ने बेटे को प्राथमिकता देने के मुद्दे पर सफलतापूर्वक जागरूकता बढ़ाई है, लेकिन अपर्याप्त कार्यान्वयन और निगरानी के कारण, यह अपने वर्तमान स्वरूप में अपने मुख्य लक्ष्य को प्राप्त करने में विफल रहा है। 22 जनवरी, 2015 को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी, जिसका उद्देश्य लिंग-भेदभाव को रोकना, बालिकाओं को जीवित रखना और उनकी शिक्षा को आगे बढ़ाना था। भले ही बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम ने लिंग भेदभाव के बारे में बहुत जरूरी जागरूकता पैदा की है, लेकिन अपर्याप्त कार्यान्वयन और निगरानी के कारण यह अपने मुख्य लक्ष्य से भटकता नज़र आता है जबकि यह अपने दसवें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। भारत में युवा लड़कियों को अपने जीवन भर कई बाधाओं का सामना करना पड़ता है और बेटे को प्राथमिकता देने और प्रतिगामी सत्ता संरचनाओं जैसे पितृसत्तात्मक सामाजिक मानदंडों के परिणामस्वरूप आर्थिक अवसरों को खोना पड़ता है जो उनके अस्तित्व और शिक्षा में बाधा डालते हैं।बेटे को प्राथमिकता देने वाले सामाजिक मानदंडों में यह कथन शामिल है कि बेटी की परवरिश पड़ोसी के बगीचे में पानी देने जैसा है। दृष्टिकोण बदलने के लिए सिर्फ़ वित्तीय प्रोत्साहन से ज़्यादा की ज़रूरत है।
हरियाणा में एक कहावत है, बेटी नहीं बचाओगे, तो बहू कहाँ से लाओगे? हालांकि यह मान लेना गलत है कि सभी बेटियाँ भावी दुल्हन हैं, फिर भी यह मुहावरा एक ऐसे राज्य में लिंग-चयनात्मक गर्भपात के गंभीर परिणामों की ओर ध्यान आकर्षित करने में प्रभावी है, जो दशकों से बेटियों की कमी से जूझ रहा है। स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और आय में प्रगति के बावजूद भारत का जन्म के समय लिंग अनुपात (एसआरबी) कम बना हुआ है। राष्टीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5, 2019-21) द्वारा एसआरबी को प्रति 1,000 लड़कों पर 929 लड़कियाँ बताया गया। यह एनएफएचएस-4 (2015-16: प्रति 1,000 लड़कों पर 919 लड़कियाँ) की तुलना में थोड़ा सुधार है, लेकिन यह अभी भी एक निरंतर लिंग पूर्वाग्रह दिखाता है। ऐतिहासिक रूप से कुछ राज्यों में, विशेष रूप से उत्तरी और पश्चिमी भारत में अधिक विषम अनुपात रहे हैं।
1994 के गर्भाधान पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी) अधिनियम के बावजूद, जन्मपूर्व लिंग निर्धारण तकनीकों द्वारा लिंग-पक्षपाती लिंग चयन संभव हो गया है। धनी आर्थिक समूहों और उच्च जातियों में पुरुषों के प्रति झुकाव वाली एसआरबी की दर अधिक है, जो यह दर्शाता है कि मौद्रिक प्रोत्साहन अकेले पर्याप्त निवारक नहीं हो सकते हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के लागू होने के बाद से हिमाचल प्रदेश, पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों में एसआरबी में सुधार हुआ है। दक्षिणी और पूर्वी राज्यों में एसआरबी में गिरावट आ रही है, जिन्हें आम तौर पर बेहतर लिंग अनुपात के लिए जाना जाता है। यह एक चिंताजनक प्रवृत्ति है। हालाँकि दिल्ली के आसपास के राज्यों में सुधार हुआ है, लेकिन दिल्ली में भी एसआरबी में गिरावट देखी गई है। जबकि यहाँ बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के लिए बुनियादी लक्ष्य और रणनीतियाँ थीं।
पीसीपीएनडीटी अधिनियम को और अधिक सख्ती से लागू करके लिंग के आधार पर लिंग चयन को प्रतिबंधित करना होगा। लड़कियों की



शिक्षा, सुरक्षा और जीवन रक्षा को बढ़ाना होगा। बाल विवाह में देरी करना और महिलाओं की शैक्षिक प्राप्ति को बढ़ाना जरूरी है। पितृसत्तात्मक मान्यताओं से निपटने के लिए राज्य और राष्टीय स्तर पर प्रयासकरने होंगे। लिंग-चयनात्मक गर्भपात को रोकने के लिए, पीसीपीएनडीटी अधिनियम को मजबूत किया जाना चाहिए। वित्तीय प्रोत्साहन जैसे कि हरियाणा के लाडली और आपकी बेटी हमारी बेटी जैसे कार्यक्रम परिवारों को लड़कियों की मदद करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। शैक्षिक सशक्तिकरण, छात्रवृत्ति और बुनियादी ढांचे के समर्थन के माध्यम से लड़कियों की शिक्षा के लिए धन मुहैया कराना प्रभावी कदम है। उच्च विषमता वाले क्षेत्रों के बाहर सीमित प्रभावशीलता बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का प्रभाव अलग-अलग है; कुछ दक्षिणी और पूर्वी राज्यों में एसआरबी में गिरावट देखी जा रही है। इसका मतलब है कि उच्च विषमता वाले राज्यों में केंद्रित हस्तक्षेप पर्याप्त नहीं हैं।
बेटे को प्राथमिकता देने वाले सामाजिक मानदंडों में यह कथन शामिल है कि बेटी की परवरिश पड़ोसी के बगीचे में पानी देने जैसा है। दृष्टिकोण बदलने के लिए सिर्फ़ वित्तीय प्रोत्साहन से ज़्यादा की ज़रूरत है। कम महिला श्रम शक्ति भागीदारी अभी भी दुनिया में सबसे कम है, यहाँ तक कि बेहतर शैक्षिक मानकों के साथ भी। आर्थिक असुरक्षा का अनुभव करने वाली महिलाएँ पितृसत्तात्मक व्यवस्थाओं का विरोध करने में कम सक्षम हैं। ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2024 के अनुसार, भारत वेतन समानता के मामले में वैश्विक स्तर पर 127वें स्थान पर है, जहाँ पुरुषों द्वारा अर्जित प्रत्येक 100 रुपये के लिए महिलाएँ केवल 39.8 रुपये कमाती हैं। सशर्त नकद प्रोत्साहन (जैसे, सशर्त नकद हस्तांतरण) प्रणालीगत परिवर्तन के बजाय नीति का केंद्र बिंदु हैं। लाडली योजना द्वारा लैंगिक पूर्वाग्रह के अंतर्निहित कारणों को दूर नहीं किया गया है। रोजगार, संपत्ति के अधिकार और वित्तीय स्वायत्तता के क्षेत्रों में संरचनात्मक परिवर्तन प्राप्त करने के लिए, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ को कैचफ्रेज़ से आगे बढ़ना चाहिए।
लिंग-संवेदनशील नीतियों को मजबूत किया जा रहा है। लड़कियों को बचाने के बजाय, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ को नेतृत्व, वित्तीय समावेशन और रोजगार में महिलाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। प्रोत्साहन देकर अधिक महिलाओं को उद्यमिता और करियर को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करें। रोजगार अंतराल और वेतन असमानताओं को संबोधित करें लैंगिक वेतन अंतर को कम करने के लिए समान वेतन कानून लागू करें। मातृत्व लाभ, लचीले कार्य कार्यक्रम और चाइल्डकैअर सहायता प्रदान करके अधिक लोगों को काम करने के लिए प्रोत्साहित करें। पीसीपीएनडीटी अधिनियम के प्रवर्तन को बढ़ाना, डायग्नोस्टिक क्लीनिकों की निगरानी करना और अवैध लिंग निर्धारण के खिलाफ सख्त कदम उठाना कानूनी और सामाजिक सुधारों को मजबूत करने के सभी तरीके हैं। सरकार के स्थानीय स्तर पर जवाबदेही प्रणाली को मजबूत करें। संपत्ति और विरासत पर महिलाओं के अधिकार सुनिश्चित करें।
उत्तराधिकार अधिकारों को न्यायसंगत बनाए रखें, खास तौर पर उन क्षेत्रों में जहाँ बेटियों को अभी भी समान संपत्ति का स्वामित्व नहीं दिया जाता है। महिलाओं को परिवारों में एक साथ संपत्ति रखने के लिए प्रोत्साहित करें। समुदाय द्वारा संचालित व्यवहार और जुड़ाव में बदलाव लाएं। स्थानीय नेताओं के माध्यम से जमीनी स्तर पर भागीदारी बढे। शिक्षकों, धार्मिक नेताओं और समुदाय के प्रभावशाली सदस्यों को पितृसत्तात्मक परंपराओं का विरोध करने के लिए प्रोत्साहित करें। लैंगिक समानता के बारे में बातचीत में अधिक पुरुषों को शामिल करें। बेटियों के मूल्य की कहानी को बदलने वाले अभियानों को अपना ध्यान बालिकाओं की सुरक्षा से बदलकर बालिकाओं को सशक्त बनाने पर केंद्रित करने की आवश्यकता है। परिवार की सफलता के लिए बेटियों को संपत्ति के रूप में उत्थानकारी संदेशों को प्रोत्साहित करें। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम ने बेटे को प्राथमिकता देने के मुद्दे पर सफलतापूर्वक जागरूकता बढ़ाई है, लेकिन अपर्याप्त कार्यान्वयन और निगरानी के कारण, यह अपने वर्तमान स्वरूप में अपने मुख्य लक्ष्य को प्राप्त करने में विफल रहा है।
जिला और राज्य स्तर की बैठकों की कमी के कारण योजना पिछले कुछ वर्षों में बनी गति खो रही है। इसलिए जिला और राज्य स्तर पर कार्य समितियों का प्रतिनिधित्व समुदाय स्तर के कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाना चाहिए, महिला छात्राओं द्वारा सामना की जाने वाली कठिनाइयों, जैसे शौचालयों की कमी, के बारे में जागरूक होना चाहिए और प्रभावी निगरानी और मूल्यांकन प्रणाली होनी चाहिए, जो यह दिखाए कि योजनाएँ अपने लक्ष्यों की दिशा में कितनी अच्छी तरह काम कर रही हैं। भारत में, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ लिंग आधारित भेदभाव को दूर करने के लिए एक उल्लेखनीय नीतिगत हस्तक्षेप रहा है। हालाँकि इसने कुछ क्षेत्रों में एसआरबी के सुधार में योगदान दिया है, लेकिन महिलाओं की आर्थिक उन्नति में निहित पितृसत्तात्मक मान्यताओं और संरचनात्मक बाधाओं के कारण इसका प्रभाव अभी भी सीमित है।
यह सुनिश्चित करने के लिए कि महिलाओं को पुरुषों के समान आर्थिक, सामाजिक और कानूनी अवसरों तक समान पहुँच हो, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ को अपनी संरक्षणवादी रणनीति को अधिकार-आधारित सशक्तिकरण पर केंद्रित रणनीति से बदलना होगा। तभी हम सशर्त प्रोत्साहनों से आगे बढ़ पाएंगे और स्थायी समानता प्राप्त कर पाएंगे, जिससे लिंग अंतर कम हो जाएगा। सांस्कृतिक मान्यताओं में गहराई तक समाए होने के कारण अक्सर महिलाओं को सशक्त बनाने वाले कानूनों को लागू करना मुश्किल हो जाता है, जैसे संपत्ति के स्वामित्व का अधिकार, स्थानीय नेताओं और प्रभावशाली लोगों के नेतृत्व में समुदाय की भागीदारी की आवश्यकता होती है ताकि पितृसत्तात्मक मानदंडों पर सवाल उठाया जा सके और उन्हें बदला जा सके। हालाँकि इसके लिए नारेबाज़ी और सशर्त नकद प्रोत्साहनों की तुलना में अधिक सूक्ष्म प्रयासों की आवश्यकता होती है, लेकिन बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना निश्चित रूप से एक सकारात्मक कदम रही है। पितृसत्तात्मक मानदंडों के तहत लैंगिक समानता के लिए बातचीत करने से शायद कोई फ़ायदा न हो। धीरे-धीरे लेकिन निश्चित रूप से, हमें अपना दृष्टिकोण बदलना होगा।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## आपत्तिजनक,अशालीन एवं स्तरहीन टिप्पणी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर सोनिया गांधी की टिप्पणी को भारतीय जनता पार्टी एवं अन्य राजनीतिक दलों ने ही नहीं, बल्कि आम लोगों ने भी आपत्तिजनक, अशालीन एवं स्तरहीन बताया है। राष्ट्रपति भवन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। संसद के बजट सत्र के पहले राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सोनिया गांधी ने जिस तरह एवं जिन शब्दों में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की, उस पर विवाद खड़ा हो जाना इसलिए स्वाभाविक है कि बयान विडंबनापूर्ण होने के साथ ही पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह से भी ग्रस्त है। भारत की लोकतांत्रिक और संवैधानिक व्यवस्था में सबसे प्रतिष्ठित पद राष्ट्रपति का है। लेकिन सोनिया ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जिस तरह से राजनीति प्रेरित होकर विचार एवं नीतियों की आलोचना करने की बजाय सीधा राष्ट्रपति पर कटाक्ष किया है, यह अच्छा नहीं हुआ। सोनिया ने अभिभाषण में व्यक्त विचारों के गुण-दोष पर कोई टिप्पणी करने के स्थान पर राष्ट्रपति पर ही कटाक्ष एवं तंज कस दिया। उन्हें कहने की आवश्यकता नहीं थी कि अभिभाषण के आखिर तक आते-आते राष्ट्रपति बहुत थक गई थीं। कठिनाई से बोल पा रही थीं। बेचारी महिला। पता नहीं सोनिया ने यह निष्कर्ष कैसे निकाल लिया और यदि निकाल भी लिया तो उन्हें बेचारी महिला जैसे शब्दों में व्यक्त नहीं करना चाहिए था। यह राजनीतिक अशिष्टता, अहंकार व अपरिपक्वता का द्योतक है। लगता है कि कांग्रेस के नेताओं की चेतना में स्वस्थ समालोचना की बजाय विरोध की चेतना मुखर रहती है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हिन्दी, जो उनकी मातृभाषा नहीं है, में प्रभावी भाषण दिया, लेकिन कांग्रेस उनके अपमान पर उतर आई। राष्ट्रपति भवन ने अपने बयान में कहा कि राष्ट्रपति संबोधन के दौरान किसी भी पल थकी नहीं थीं, उन्होंने पूरे आत्मविश्वास और ऊर्जा के साथ संसद को संबोधित किया। विशेष रूप से जब वे हाशिए पर खड़े समुदायों, महिलाओं और किसानों के अधिकारों की बात कर रही थीं, तब और भी ज्यादा संकल्पित एवं ऊर्जा से भरी थीं। राष्ट्रपति को विश्वास है कि इन वगरे की आवाज उठाना कभी भी थकावट का कारण नहीं बन सकता, बल्कि यह उनके कर्त्तव्य का अहम हिस्सा है। राष्ट्रपति भवन ने कांग्रेस नेताओं की हिन्दी भाषा की समझ पर भी सवाल उठाए। संभवतः ये हिन्दी भाषा की लोकोक्तियों और मुहावरों से भली-भांति परिचित नहीं हैं, जिसके कारण उन्होंने राष्ट्रपति के भाषण की गलत व्याख्या की। राष्ट्रपति भवन ने कांग्रेस नेताओं के बयानों को खराब और दुर्भाग्यपूर्ण बताया। स्वाभाविक रूप से कांग्रेस नेताओं और खुद प्रियंका गांधी ने सोनिया गांधी का बचाव किया, लेकिन यह समझा जा सके तो बेहतर होता कि उन्हें अपने शब्दों के चयन में सावधानी बरतनी चाहिए थी। ऐसे बयान ने गैरजिम्मेदाराना एवं विध्वंसात्मक इरादों को ही नहीं, छल-कपट की राजनीति को भी बेनकाब किया है। राष्ट्रपति जिस सामाजिक परिवेश और पृष्ठभूमि से आती हैं, उसे देखते हुए तो और भी संवेदनशीलता दिखानी चाहिए। समस्या यह है कि सोनिया हों या राहुल, कोई आलोचना करते समय शब्दों के सही चयन में प्रायः चूक कर जाते हैं। जब ऐसा होता है तो यही ध्वनित होता है कि गांधी परिवार के सदस्य अहंकार में डूब कर अपनी राजशाही मानसिकता का परित्याग नहीं कर पा रहे हैं। राजनीति में समालोचना नितांत अपेक्षित है,समालोचक होना और समालोचना करना बड़ी बात है, पर जब नेता सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्तित्व की गरिमा को ही खंडित करता है, अपना विवेक गिरवी रख कर समालोचना करता है, तो उसे समालोचना नहीं, स्तरहीन विरोध ही कहा जाएगा। ऐसे विरोध के प्रति दया का भाव ही जताया जा सकता है, उसका उत्तर नहीं दिया जा सकता।

-ललित गर्ग-

# अशिक्षा की जड़ों के नेपथ्य में अंध विस्वास की परतें



संजीव ठाकुर
रायपुर छत्तीसगढ़,

### समाज के नैतिक विकास में अवरोध



आश्चर्य की बात है कि आज के प्रगतिशील वैज्ञानिक युग में विज्ञान और टेक्नोलॉजी से शिक्षित जनमानस भी अंधविश्वास और रूढ़िवादिता का अंधभक्त या अनुयाई हो गया है। मकान में वास्तु दोष दूर करने के लिए अनावश्यक तोड़फोड़ और सुधार के लिए लाखों खर्च किए जाते हैं। यह अंधविश्वास का एक जीता जागता प्रमाण है। वास्तु दोष तथा अंधविश्वास को मानने वाले 90 प्रतित शिक्षित युवा इस मकड़ जाल में फंसे हुए हैं। अशिक्षा और अज्ञानता ने अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता को भारत में फैलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रखी हैद्य यदि अशिक्षित मनुष्य धार्मिक अंधविश्वास को मानता है तो यह बात कुछ थोड़ी देर के लिए समझ में आती है किंतु इस वैज्ञानिक युग में अत्यंत शिक्षित एवं पढ़े-लिखे लोग भी अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता के पीछे भागने लगे तो यह समाज और देश के लिए दुर्भाग्य की बात हैद्य यह तो तय है की शिक्षा, ज्ञान अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर के विवेकपूर्ण विचारों को सोचने की शक्ति प्रदान करता है और इसके पश्चात ही मनुष्य वैज्ञानिक आधार पर तर्क रखकर अपनी बात को मानना शुरू करता है। पूर्व में हम मानते थे कि पृथ्वी चपटी है किंतु वैज्ञानिक प्रयोगों तथा वैज्ञानिक अनुसंधान के अनुसार यह सिद्ध हो गया कि पृथ्वी गोल है अब लोगों ने लॉजिक और वैज्ञानिक प्रमाण के आधार पर यह मान लिया है की पृथ्वी गोल ही है।
शहीद भगत सिंह ने आजादी के लिए एक संगठन नौजवान भारत सभा का गठन किया और उसके घोषणा पत्र में कहा था कि धार्मिक अंधविश्वास और कट्टरता हमारी प्रगति के बहुत बड़े बाधक है, वह हमारे रास्ते की बाधा साबित हुए हैं उनसे हमें हर हाल में छुटकारा पा लेना चाहिए जोकि आजाद विचारों को बर्दाश्त नहीं कर सकती उसे समाप्त हो जाना चाहिए इसी प्रकार अन्य बहुत सारी कमजोरियां भी हैं जिन पर हमें विजय प्राप्त करना होगा ,इस कार्य के लिए सभी समुदाय के क्रांतिकारी उत्साह रखने वाले नई सोच के नौजवानों की आवश्यकता हैद्य उन्होंने बिल्कुल सही कहा था क्योंकि युवा शक्ति ही देश में नए विचारों की क्रांति ला सकती और अंधविश्वास को समूल नष्ट करने में इनकी ऊर्जा इस कार्य के लिए लगाई जा सकती है,पर दूसरी तरफ शिक्षा का प्रचार प्रसार होना भी नितांत आवश्यक हैद्य शिक्षा ही ऐसा मूल मंत्र है जिससे अंधविश्वास एवं आडंबर की पोल खोली जा सकती शिक्षा से हमारा तात्पर्य विज्ञान से भी है विज्ञान ने अनेक अंधविश्वास को जन सूचियों में अविश्वास के रूप में में स्थापित किया है और शिक्षा तथा विज्ञान तकनीकी ऐसे मार्ग हैं जिन से चलकर हम न सिर्फ चांद पर पहुंचे हैं बल्कि सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से पूरी दुनिया एक परिवार की तरह एक दूसरे के एकदम करीब आ चुकी है ऐसे में अंधविश्वास, धार्मिक कट्टरता एवं संप्रदायवाद की जगह कहाँ बच जाती है भला ? शिक्षा का स्तर ईतना ऊंचा हो जाना चाहिए की इन अंधविश्वासी बातों और मिथकों का अस्तित्व ही मूल रूप से विस्मृत किया जाना चाहिएद्य बिल्ली के रास्ता काटने से काम रुक जाता है,किसी की छींक देने से अशुभ संकेत स्थापित होने लगते हैं यदि कौवा बोलता है तो मेहमान आने का संकेत माना जाना इन सब बातों की कोई तार्किक अथवा वैज्ञानिक पृष्ठभूमि नहीं है और जनमानस द्वारा अपने दिमाग का प्रयोग कर ऐसी अतार्किक और वैज्ञानिक बातों में विश्वास करना भी अंधविश्वास को सामाजिक स्तर पर मान्यता प्रदान करता है। यह भी अशिक्षा का एक बहुत बड़ा परिणाम है। शिक्षा विज्ञान तथा तकनीकी ज्ञान समाज में तर्कसंगत बातों का विश्वास करने पर भरोसा दिलाता है और धीरे धीरे अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता से मनुष्य को परे ले जाता है। मूलतः अंधविश्वास को दूर करने के लिए हमें शिक्षा जैसे अस्त्र का इस्तेमाल तीव्र गति से किया जाना चाहिए। अंधविश्वास, तंत्र मंत्र के अधीन होकर पशुओं की बलि देना भी एक प्रकार से अंधविश्वास को बढ़ावा देना ही है, तंत्र मंत्र के विश्वास में आकर मानव न केवल पशुओं की बलि देते बल्कि बच्चों की बलि देने से भी नहीं परहेज करता है। समाज में व्याप्त अंधविश्वास तथा कट्टरपंथ का लाभ समाज के कुछ चालबाज तथा धोखेबाज लोग उठाते हैं और यही लोग इन अंधविश्वासी लोगों को भूत, प्रेत ,राहु केतु,काल सर्प दोष इत्यादि का भय दिखाकर पूजा पाठ तंत्र मंत्र के नाम से हजारों रुपए लूट लेते हैं। यह सिर्फ गांव में ही नहीं हो रहा है यह शहरों में भी बुरी तरह व्याप्त है तंत्र मंत्र तथा भूत प्रेत से छुटकारा भारत के कस्बों तथा गांव में एक व्यवसाय के रूप में विकसित हो गया है जो देश के लिए एक बड़ी विसंगति और विडंबना है। ऐसे तंत्र मंत्र और भविष्य के दर्शन कराने वाले तांत्रिकों का विज्ञापन न सिर्फ बड़े-बड़े अखबारों में बल्कि स्थापित टीवी चैनलों में भी खुल कर दिया जाता है जिससे न सिर्फ अनपढ़, अंधविश्वासी बल्कि शिक्षित लोग भी झांसे में आकर बड़ी धनराशि से हाथ धो बैठते हैं। विकसित यूरोपीय देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, आयरलैंड, फ्रांस, इजरायल तथा अन्य देशों में भी अंधविश्वास व्याप्त है किंतु भारत में अशिक्षा के कारण इसकी जड़ें थोड़ी गहरी व्याप्त हैं। शिक्षा के प्रचार-प्रसार तथा मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से अंधविश्वास को जनमानस तथा देर से दूर किया जा सकता है किंतु मूल रूप से प्राथमिक शिक्षा को एक सशक्त माध्यम रखकर अंधविश्वास एवं धार्मिक कट्टरता के विरोध में बातें रखी जाए तो देश एक अंधविश्वास मुक्त राष्ट बन सकता है।

## कविता
### दिल्ली में खिला कमल

घटती-घटना



मोनिका डागा
तमिलनाडु
चेन्नई

जनता ने अपना श्रेष्ठ नेता सच्चे दिल से चुना,
जीत खुशियों का राजधानी में मधुरम गुनगुना,
वर्षों की धैर्य,तपस्या,त्याग का परिणाम आया,
कमल को धुआंधार बहुमत से विजयी बनाया,
दिल वालों के दिल में आज देखो कमल खिला,
सेवाभावी सरकार को सेवा का सुअवसर मिला,
भारत की राजधानी का स्वरूप अब निखरेगा,
तिरंगे का वर्चस्व सम्पूर्ण विश्व में और चमकेगा
जनता का विश्वास,साथ इंद्रधनुषी रंग है लाया,
सरकार ने सुगम
विकास का नव अवसर पाया,
सभी देशवासियों को
तहे दिल से है बहुत बधाई,
स्वर्णिम जीत की
खूबसूरत ऐतिहासिक घड़ी आई ।
सब है एकजुट और तैयार
बजेगा डंका जोरदार,
मिलकर संवारेंगे दिल्ली है
भारत का गल हार,
पूरे भारतवर्ष में हर्ष
उल्लास का सुखद माहौल,
जय हिंद ! जय भारत माता !
के गूंज रहे बोल ।
दिल हो उठा है जवां
उम्मीद की किरणें है फैली,
दुल्हन सी सजी दिल्ली
मिश्री सी जहां की बोली,
खिलेगा नव विकास
नव उत्साह का पूर्ण कमल,
तगड़ा, मजबूत है
देशभक्तों का प्रबल दल-बल ।
वंदन, अभिनंदन,
आभार है जनता जनार्दन का,
लोकतंत्र की आन,
बान, शान, और सम्मान का,
दिल की ये महत्वपूर्ण
विजय जीत दिलों के साथ,
निकल पड़े देश प्रेमी
एक हो लेकर हाथों में हाथ ।

# केंद्रीय बजट वर्ष 2025-26:वस्त्र क्षेत्र को बढ़ावा

भारतीय परिधान और वस्त्र उद्योग लगभग 176 बिलियन अमेरिकी डॉलर का है, जो देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 2 प्रतिशत का योगदान देता है। यह विनिर्माण उत्पादन का लगभग 11 प्रतिशत हिस्सा है। वस्त्र उद्योग देश में रोजगार सृजन के सबसे बड़े स्त्रोतों में से एक है, यह प्रत्यक्ष रूप से 45 मिलियन से अधिक वस्त्र श्रमिकों को रोजगार देता है। भारत वस्त्र और परिधानों का छठा सबसे बड़ा निर्यातक है। इस क्षेत्र में वैश्विक व्यापार में इसकी हिस्सेदारी लगभग 4 प्रतिशत है। देश के कुल व्यापारिक निर्यात में हस्तशिल्प सहित वस्त्र और परिधान (टी एंड ए) की हिस्सेदारी वर्तमान में लगभग 8 प्रतिशत है। यह क्षेत्र मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया, महिला सशक्तीकरण और ग्रामीण युवा रोजगार जैसी सरकार की प्रमुख पहलों के साथ पूरी तरह से संरेखित है।बजट में वर्ष 2025-26 के लिए वस्त्र मंत्रालय के लिए 5,272 करोड़ रुपये के परिव्यय की घोषणा की गई। यह वर्ष 2024-25 के बजट अनुमानों (4417.03 करोड़ रुपये) की तुलना में लगभग 19 प्रतिशत की वृद्धि थी, और हाल के वर्षों में यह सबसे अधिक है। वस्त्रों के लिए उत्पादन से जुड़ी निवेश योजना का बजट वर्ष 2024-25 में 45 करोड़ रुपये (बीई) से बढ़ाकर इस वर्ष 1148 करोड़ रुपये कर दिया गया है। वस्त्रों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना देश की विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने और पांच वर्ष की अवधि में 10,683 करोड़ रुपये के स्वीकृत वित्तीय परिव्यय के साथ निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कार्यान्वित की जा रही है। यह मानव निर्मित फाइबर (एमएमएफ), एमएमएफ परिधान और तकनीकी वस्त्र क्षेत्र जैसे उभरते क्षेत्रों को कवर करता है, ताकि इन क्षेत्रों को आकार और पैमाने हासिल करने में सक्षम बनाया जा सके, ताकि वे विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन सकें। केंद्रीय बजट वर्ष 2025-26 में कपास उत्पादकता के लिए मिशन' की घोषणा की गई है। यह 5 वर्षीय मिशन कपास की खेती की उत्पादकता और स्थिरता में महत्वपूर्ण सुधार लाएगा। यह अतिरिक्त लंबे स्टेपल वाली कपास की किस्मों को बढ़ावा देगा। इस मिशन को कृषि एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और वस्त्र मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से लागू किया जाएगा।वस्त्र मंत्रालय का राष्टीय तकनीकी वस्त्र मिशन अनुसंधान, नवाचार और विकास, संवर्धन और बाजार विकास शिक्षा और कौशल तथा (द्व1) तकनीकी वस्त्रों में निर्यात संवर्धन पर केंद्रित है। बजट में दो और प्रकार के शटल-लेस लूम को पूरी तरह से छूट प्राप्त वस्त्र मशीनरी की सूची में जोड़ा गया है। वस्त्र उद्योग में उपयोग के लिए शटल-लेस लूम रैपियर लूम (650 मीटर प्रति मिनट से कम) और शटल-लेस लूम एयर जेट लूम (1000 मीटर प्रति मिनट से कम) पर शुल्क मौजूदा 7.5 प्रतिशत से शून्य कर दिया गया है।नौ टैरिफ लाइनों के अंतर्गत आने वाले बुने हुए कपड़ों पर बुनियादी सीमा-शुल्क दर को 10 प्रतिशत या 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत या 115 रुपये प्रति किलोग्राम, जो भी अधिक हो करने की बजट घोषणा से बुने हुए कपड़ों के सस्ते आयात पर अंकुश लगाकर घरेलू वस्त्र उद्योग को मजबूती मिलेगी। यह उपाय घरेलू स्तर पर उत्पादित कपड़ों के उपयोग को प्रोत्साहित करेगा, क्षमता उपयोग को बढ़ावा देगा और स्थानीय विनिर्माण में निवेश को प्रोत्साहित करेगा।
बजट में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को अर्थव्यवस्था में परिवर्तनकारी सुधार लाने के लिए एक स्त्रोत के रूप में पहचाना गया है।

-गिरिराज सिंह-

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक

# मामूली सी बात पर बेटे ने की पिता की हत्या



- संवाददाता -
अंबिकापुर,08 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

लुंड्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जामडीह में गुरुवार की देर रात एक युवक ने अपने पिता की नृशंस हत्या कर दी और फरार हो गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है।

सरगुजा जिले के लुंड्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जामडीह निवासी हरिहर साय चौहान 50 वर्ष अपने बड़े बेटे अशोक चौहान 27 वर्ष के साथ रह रहा था। उसकी पत्नी पिछले 1 साल से मायके में है। वहीं मझला बेटा संतोष,बहू सोनमतिया व छोटा बेटा आशुतोष चौहान 18 वर्ष पिछले 2 माह से अंबिकापुर में रहकर मजदूरी करते हैं। शुक्रवार की सुबह करीब 8.30 बजे अशोक ने आशुतोष के मोबाइल पर कॉल कर कहा कि उसने पिता की हत्या कर दी है। जब आशुतोष ने पूछा कि क्यों हत्या की? इस पर उसने कहा कि पापा ने उसके वेल्डिंग मशीन तोड़ दी थी। इसके बाद उसने मोबाइल कट कर दिया।सूचना मिलते ही आशुतोष अपने मझले भाई व भाभी के साथ गांव पहुंचा। यहां दरवाजा बाहर से बंद था। दरवाजा खोलकर तीनों भीतर गए तो पिता का शव चादर से ढका हुआ था। चादर हटाकर उन्होंने देखा तो सिर व चेहरे पर गंभीर चोट के निशान थे तथा पास में ही खून लगा डंडा, लोहे का पाइप व टूटी हुई टांगी पड़ी थी। इससे उन्हें यह समझते देर नहीं लगी कि डंडे, पाइप व टांगी से मारकर पिता की हत्या की गई है। आशुतोष ने मामले की सूचना लुंड्रा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही एएसआई एसआर साहू दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और पंचनामा पश्चात शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया। पीएम पश्चात शव परिजन को सौंप दिया। वहीं पुलिस ने मृतक के आरोपी पुत्र अशोक के खिलाफ बीएनएस की धारा 103 (1) के तहत अपराध दर्ज कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है।

# कंपनी बाजार में जुआ खेलते 8 सपड़ाए,15 हजार 300 रुपए जब्त



- संवाददाता -
अंबिकापुर,08 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

शहर के कंपनी बाजार स्थित सार्वजनिक स्थान पर बैठकर जुआ खेल रहे 8 लोगों को कोतवाली पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने इनके कब्जे से कुल 15 हजार 300 रुपए नकदी व ताश पत्ती जब्त किया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस 6 फरवारी को पेट्रोलिंग पर निकली थी। इस दौरान मुखबिर से जानकारी मिली की कंपनी बाजार में कुछ लोग बैठकर जुआ खेल रहे हैं। पुलिस मौके पर पहुंचकर जुआ खेल रहे राजू साहू पिता रमेश साहू उम्र 40 वर्ष साकिन मायापुर, सुखराम गुप्ता पिता स्व. सुन्दर साव उम्र 42 वर्ष निवासी गोधनपुर, नागेंद्र गुप्ता उम्र 46 वर्ष निवासी मायापुर, सुशील गुप्ता पिता राजेंद्र प्रसाद गुप्ता उम्र 38 वर्ष निवासी शिवधारी कॉलोनी, दुल्लु गुप्ता पिता जीतू साव उम्र 56 वर्ष निवासी गोधनपुर, गोलू गुप्ता पिता गोविन्द उम्र 32 वर्ष निवासी प्रतापपुर नाका, अशोक झा उम्र 33 वर्ष निवासी जनपदपारा, सूचित यादव पिता जगदीश यादव उम्र 45 वर्ष निवासी घुटरापारा को पकड़ा है। पुलिस ने इनके खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने जुआरियों के कब्जे से कुल 15 हजार 300 रुपये नगद एवं ताश पत्ती जब्त किया है।

## मजदूरों से भरा पिकअप पलटा, एक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,08 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम काराबेल जायसवाल ढ़ाबा के पास शुक्रवार की सुबह मजदूरों से भरा पिकअप का चक्का अचानक खुलकर निकल गया और वाहन पलट गई। दुर्घटना में तीन मजदूर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों को इलाज के लिए सीतापुर अस्पताल लाया गया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को पिकअप क्रमांक सीजी 15 डीवाई 6094 में सवार होकर लगभग आधा दर्जन मजदूर अंबिकापुर से सीतापुर मजदूरी करने जा रहे थे। पिकअप में सेंट्रिंग प्लेट भी था। वाहन फिरोज खान चला रहा था। वाहन की गति काफी तेज होने के कारण सुबह 8 बजे सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम काराबेल जायसवाल ढ़ाबा के पास पिकअप का एक चक्का निकल गया। इससे वाहन अनियंत्रित हो गया और पलट गई। दुर्घटना में तयूब, असफाक और अयूब को चोट आई थी। तीनों को इलाज के लिए सीतापुर अस्पताल ले जाया गया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने तयूब को मृत घोषित कर दिया। वहीं असफाक और अयूब की स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया है।

## सूने मकान का ताला तोडक़र चोरी, जुर्म दर्ज

- संवाददाता -
अंबिकापुर,08 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

मणिपुर थाना क्षेत्र के मठपारा में गुरुवार की रात चोरों ने सूने मकान का ताला तोडक़र वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने लगभग 10 हजार रुपए के सामान पार कर दिया है। मकान मालिक ने मामले की रिपोर्ट मणिपुर थाना में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शैलेन्द्र सिंह दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम सरनापारा टपरकेला का मूल निवासी है। वह अंबिकापुर स्थित मठपारा में किराए में सह परिवार रहता है। 6 फरवारी को शादी में शामिल होने टपरकेला गया था। घर में ताला बंद था। दूसरे दिन वापस आया तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है और अंदर सामान बिखरा पड़ा है। चोरों ने 1 नग स्मार्ट वच, 1 नग सोने का जिवतिया, 1 नग पायल कुल कीमती लगभग 10 हजार रुपए पार कर दिए थे। शैलेन्द्र सिंह ने मामले की रिपोर्ट मणिपुर थाना में दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# मंडल रेल प्रबंधक श्री राजमल खोईवाल द्वारा बिलासपुर-अंबिकापुर खंड का विंडो निरीक्षण

## पेंड्रारोड, बिजुरी एवं अंबिकापुर स्टेशनों के अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकास कार्यों की समीक्षा








- संवाददाता -
अंबिकापुर,08 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) श्री राजमल खोईवाल द्वारा आज बिलासपुर-अंबिकापुर खंड का विंडो निरीक्षण किया गया । इस दौरान उन्होंने पेंड्रा रोड, बिजुरी, और अंबिकापुर स्टेशनों पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों का भी जायजा लिये । इस अवसर पर मंडल के विभिन्न विभागों के शाखाधिकारी, अन्य अधिकारी व पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

पेंड्रारोड स्टेशन में बिलासपुर एंड यार्ड स्थित प्वाइंट, पी. आर.एस., सर्कुलेटिंग एरिया, पैनल रूम एवं क्रू लॉबी का संरक्षा निरीक्षण तथा अमृत भारत स्टेशन के तहत हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा किये।

बिजुरी स्टेशन में मंडल रेल प्रबंधक द्वारा सर्कुलेटिंग एरिया, क्रू लॉबी, रनिंग रूम, यात्री प्रतीक्षालय व अमृत भारत स्टेशन विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया।

अंबिकापुर स्टेशन में उन्होंने स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफार्म, पी.आर.एस.के साथ अमृत भारत स्टेशन के तहत किये गए विकास कार्यों का अवलोकन कर समीक्षा किये।

निरीक्षण के दौरान, श्री खोईवाल ने निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता, और समय-सीमा की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों को निर्धारित समय में पूर्ण किया जाए, जिससे यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सके।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत, इन स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं में सुधार, प्लेटफॉर्म विस्तार, स्वच्छता, और आधुनिक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है।

रेल प्रशासन यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है और इन विकास कार्यों के माध्यम से यात्रा अनुभव को और भी सुखद बनाने का प्रयास कर रहा है।

## सरगुजा में क्षय रोगियों की बढ़ रही संख्या,6 साल में 205 लोगों की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,08 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

सरगुजा में क्षय रोगियों की संख्या काफी तेजी से बढ़ रही है। 6 साल में कुल 6 हजार 6 सौ 60 मरीज पाए गए हैं। जिसमें 205 लोगों की मौत हो चुकी है। यह आंकड़ा स्वास्थ्य विभाग के लिए चिंताजनक है। जिले से टीबी मुक्त करना चुनौती साबित हो रहा है।



सरगुजा संभाग आदिवासी बहुल्य इलाका है। यहां अधिकांश लोगों में जागरुकता की कमी है। महीनों सर्दी-खांसी से पीड़ित होने के बावजूद भी अस्पताल पहुंचकर इलाज कराना उचित नहीं समझते हैं। सर्दी-खांसी आम बीमारी मानकर घर में ही घरेलू उपचार करते रहते हैं। इस लिए सरगुजा में क्षय रोगी की संख्या काफी तेजी से बढ़ रही है। वर्ष 2024 में 13 सौ से अधिक क्षय रोग से पीड़ित मरीज पाए गए हैं। जबकि 11 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं पिछले 6 वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2019 से वर्ष 2024 तक कुल 6 हजार 6 सौ 60 मरीज पाए गए हैं। जबकि 205 लोगों की जान क्षय रोग से हो चुकी है। इससे स्पष्ट है कि क्षय रोग जानलेवा साबित हो रही है। मरने वालों में कम उम्र के लोग भी शामिल हैं।

# 9 किलो ग्राम गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 08 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

9 किलो ग्राम गांजा के साथ आबकारी विभाग के उडऩदस्ता टीम ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी जशपुर से गांजा लेकर सीतापुर के रास्ते आ रहा था। उडऩदस्ता टीम ने सीतापुर के मंगरेलगढ़ जाने वाले रोड पर घेराबंदी कर कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार शनिवार को आबकारी विभाग के संभागीय उडऩदस्ता टीम को मुखबिर से जानकारी मिली की एक तस्कर जशपुर के रास्ते कार में गांजा लेकर आ रहा है। मुखबिर की सूचना पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता टीम के साथ सीतापुर के मंगरेलगढ़ रोड में घेराबंदी कर कार क्रमांक सीजी 13 सी 9799 को रोककर तलाशी ली तो कार के डिक्की में 9 किलो गांजा पाया गया। उडऩदस्ता टीम ने कार चालक शोभराज यादव निवासी जिला जशपुर पंडरीपानी को गिरफ्तार किया है। टीम ने कार व गांजे को जब्त कर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 बी के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



# हमास ने इस्राइल के तीन और बंधकों को किया रिहा

## रिहाई से पहले गाजा में हजारों लोगों के सामने कराई परेड

**तेलअवीव,08 फरवरी 2025।** हमास ने शनिवार को इस्राइल के तीन और बंधकों को रिहा कर दिया। रिहाई से पहले तीनों बंधकों की हमास ने गाजा में हजारों लोगों के सामने परेड कराई। हमास ने बंधकों को रिहाई से पहले हजारों लोगों के सामने मंच पर पेश किया और उनसे बयान देने को कहा गया। हालांकि पूर्व में रिहा किए गए बंधकों को मंच पर बोलने के लिए नहीं कहा गया था। जब बंधकों को रिहा किया जा रहा था तो मौके पर हमास के हथियारबंद लड़ाके बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

इस्राइल और हमास के बीच चल रहा युद्धविराम समझौता कई हिचकोले खाने के बावजूद ट्रैक पर बना हुआ है। समझौते के तहत शनिवार को तीन और बंधकों को रिहा किया गया, इनमें तीन पुरुष शामिल हैं। इन्हें हमास ने 7 अक्तूबर 2023 के हमले के दौरान बंधक बनाया था। यह इस्राइल और हमास के बीच पांचवीं अदला-बदली है। इस्राइल की तरफ से इन बंधकों के एवज में सैंकड़ों फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया गया है।

गौरतलब है कि इस्राइल और हमास के बीच यह युद्धविराम समझौता बेहद संवेदनशील है और कई बार ऐसी आशंका बनी है, जिनके चलते यह समझौता टूटने का खतरा पैदा हुआ। पिछली बार एक महिला बंधक की रिहाई से दोनों पक्षों में



तनातनी देखने को मिली थी। अब बीते मंगलवार को इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के अमेरिका दौरे के समय अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा पर नियंत्रण करने और विस्थापितों को गाजा के बाहर बसाने का सुझाव दिया था। ट्रंप के इस सुझाव पर अरब देशों और फलस्तीनी लोगों ने भी नाराजगी जाहिर की थी।

### पहले चरण में 33 बंधकों को किया जाना है रिहा

छह हफ्ते तक चलने वाले पहले चरण के युद्धविराम समझौते में 33 इस्राइली बंधकों को रिहा किया जाना है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हमास द्वारा जिन तीन बंधकों को रिहा किया गया है, उनमें एली शराबी (52 वर्षीय), ओहाद बेन एमी (56 वर्षीय) और ओर लेवी (34 वर्षीय) का नाम शामिल है। वहीं इस्राइल द्वारा 183 फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया जाएगा। एली शराबी को किबुत्ज बीरी से बंधक बनाया गया था। हमले में एली की पत्नी और बेटी की आतंकियों ने हत्या कर दी थी। बेन एमी को भी किबुत्ज बीरी से ही बंधक बनाया गया था। हमले में बेन की पत्नी को भी बंधक बनाया गया था, लेकिन उन्हें नवंबर 2023 में छोड़ दिया गया था। लेवी एक कंप्यूटर प्रोग्रामर है, जिसे रिशोन लीजन इलाके से पकड़ा गया था। हमले में लेवी की पत्नी की हत्या हुई थी। दंपति का बेटा अन्य परिजनों के पास है। अभी इस्राइल और हमास के बीच दूसरे चरण के युद्धविराम को लेकर बातचीत चल रही है। हालांकि अभी तक सहमति नहीं बन पाई है। दूसरे चरण में करीब दर्जन भर इस्राइली बंधक रिहा किए जा सकते हैं। वहीं शनिवार को रिहा किए जा रहे फलस्तीनी कैदियों में 18 लोग ऐसे हैं, जो उम्रकैद की सजा काट रहे हैं। वहीं 54 कई-कई वर्षों की सजा भुगत रहे हैं। वहीं 111 बंधक वे हैं, जिन्हें 7 अक्तूबर के हमले के बाद गाजा से पकड़ा गया था। रिहा किए जाने वाले कैदियों में इयाद अबु शखदम का नाम भी शामिल है। वह साल 2000 में इस्राइल पर हुए हमले में शामिल था, जिसमें कई इस्राइली नागरिक मारे गए थे। इयाद अबु शखदम को 18 बार उम्रकैद की सजा हुई थी। साथ ही जमाल अल तवैल का नाम भी शामिल है, वेस्ट बैंक के शहर अल बीरेह का मेयर रहा है।

# इमरान खान की पार्टी ने मनाया काला दिवस

**इस्लामाबाद,08 फरवरी 2025।** जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को देशभर में काला दिवस मनाया। कार्यकर्ताओं ने पिछले साल आम चुनावों में हुई धांधली का विरोध किया। इस दौरान पुलिस ने कई पीटीआई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। वहीं सरकार ने पार्टी के प्रदर्शनों की निंदा की।

पीटीआई ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की राजधानी स्वाबी में मुख्य रैली आयोजित की। यहां पार्टी सत्ता में है। पार्टी ने पूरे देश के कार्यकर्ताओं और समर्थकों से प्रदर्शन करने की अपील की। खैबर पख्तूनख्वा के सीएम अली अमीन गंडापुर ने कहा कि जनादेश की ऐतिहासिक चोरी के विरोध में काला दिवस मनाकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि हर साल आठ फरवरी को काला दिवस मनाया जाएगा। इस बार स्वाबी में रैली का आयोजन किया जा रहा है। पार्टी के हर कार्यकर्ता और समर्थक को देश के हर शहर में



विरोध प्रदर्शन करना चाहिए। आप जहां भी हैं, वहां से अपना विरोध दर्ज कराएं। उन्होंने 26 नवंबर और नौ मई 2023 की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी इन मामलों की जांच के लिए न्यायिक आयोग का गठन करने से डरती है।

पीटीआई के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए सरकार ने इस्लामाबाद, पंजाब प्रांत समेत तमाम इलाकों में धारा 144 लगाकर राजनीतिक रैली, सभा और अन्य गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया। गृह विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि यह फैसला कानून-व्यवस्था लागू करने और लोगों की जिंदगी और संपत्ति की रक्षा करने के लिए लिया गया है। उन्होंने कहा कि जनसभा और सार्वजनिक कार्यक्रम आतंकवादियों का आसान लक्ष्य हो सकते हैं।

मुल्तान में धारा 144 का उल्लंघन करने पर पीटीआई नेता मैहर बानो कुरैशी, जाहिद बहर हाशमी और दलैर मेहर को पुलिस ने हिरासत में लिया। इसके अलावा क्षेत्र में रैली निकालने पर 10 पीटीआई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। मुजफ्फराबाद में कई पीटीआई नेताओं को आजादी चौक पर प्रदर्शन करने पर हिरासत में लिया गया। इस दौरान गिरफ्तार करने के बाद एक कार्यकर्ता की कार में बिठाने पर पीटीआई नेता ख्वाजा फारुख भाग खड़े हुए। कार में बैठते ही ड्राइवर ने कार दौड़ा दी। इस दौरान पुलिसकर्मी कार के पीछे भागते नजर आए। बाद में पुलिस ने कहा कि फारुख को पकड़ लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि 16 अन्य को गिरफ्तार किया गया है।



## अमेरिकी राष्ट्रपति से सांसदों ने की मांग,कहा-एक चीन नीति को छोड़ें और स्वतंत्र ताइवान को दें मान्यता

**ताइपे,08 फरवरी 2025।** अमेरिकी सांसदों ने राष्ट्रपति ट्रंप से एक चीन नीति को छोड़ने और ताइवान समझौते पर वापस लौटने की मांग की है। विस्कॉन्सिन से अमेरिकी प्रतिनिधि टॉम टिफनी और पेंसिल्वेनिया से स्कॉट पेरी ने एक प्रस्ताव पेश किया है। इसमें अमेरिका से एक चीन नीति को समाप्त करने, ताइवान के साथ औपचारिक राजनयिक संबंधों को फिर से शुरू करने और अमेरिका-ताइवान द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने की मांग की गई।

इस प्रस्ताव को सबसे पहले 2021 में लाया गया था। अब 22 रिपब्लिकन सांसदों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया है। प्रस्ताव में राष्ट्रपति ट्रंप से कहा गया है कि वे पुरानी एक चीन नीति को छोड़ें और ताइवान को स्वतंत्र देश मानने वाली नीति पर काम करें। इस नीति में यह माना जाए कि ताइवान चीन क्षेत्र का हिस्सा नहीं है और न ही इसे चीन द्वारा शासित किया जाता है। प्रस्ताव में कहा गया कि ट्रंप को लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई ताइवान सरकार को मान्यता देनी चाहिए। साथ ही यहां पर आधिकारिक रूप से अमेरिकी राजदूत की नियुक्ति करनी चाहिए। इसके अलावा अमेरिका में भी ताइवान के राजदूत को मान्यता दी जानी चाहिए।

प्रस्ताव में अमेरिकी प्रतिनिधियों ने संयुक्त राष्ट्र और अन्य अधिकारियों से संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों में ताइवान का समर्थन करने की मांग की गई है। प्रस्ताव में ताइवान की लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता, नागरिक कर्तव्य और मानवाधिकारों के पालन की प्रशंसा की गई है। इस प्रस्ताव में कई पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर, रोनाल्ड रीगन और बिल क्लिंटन का भी जिक्र है।

### कार्टर ने छोड़ दिए थे संबंध

प्रस्ताव में कहा गया है कि अमेरिका के 1979 तक ताइवान की सरकार के साथ सामान्य राजनयिक संबंध थे, लेकिन तत्कालीन राष्ट्रपति जिम्मी कार्टर ने ताइपे के साथ औपचारिक संबंध अचानक समाप्त कर दिए और चीन में साम्यवादी शासन को मान्यता दी। इसके बाद रीगन ने संबंधों को मजबूत किया, लेकिन अमेरिका ने ताइवान पर संप्रभुता को लेकर अपने विचार नहीं बदले। प्रस्ताव में पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन के बयान का भी जिक्र है।

नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025

## मतदान तिथि को सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित

- संवाददाता -
**बलरामपुर,08 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।**

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा नगरीय निकाय 2025 अंतर्गत मतदान तिथि मंगलवार 11 फरवरी 2025 को सार्वजनिक अवकाश एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। इसी तरह त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत मतदान तीन चरणों में आयोजित होगा। जिसके लिए मतदान तिथि सोमवार 17 फरवरी 2025 एवं गुरुवार 20 फरवरी 2025 को संबंधित क्षेत्रों में सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। मतदान तिथि रविवार 23 फरवरी 2025 को शासकीय अवकाश होने के कारण पृथक से सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित करने की आवश्यकता नहीं है।

नगरीय निकाय निर्वाचन 2025

## मतदाता फोटो पहचान-पत्र के अतिरिक्त 18 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर भी कर सकेंगे मतदान

- संवाददाता -
**बलरामपुर, 08 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।**

नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान-पत्र जारी किए गए हैं। मतदाता अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान-पत्र दिखाएंगे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र कटारा ने बताया है कि यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 18 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए हैं। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित 18 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। जिसमें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदाय किया गया मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र सरकार या राज्य सरकार या लोक उपक्रम या पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों व डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, स्वतंत्रता सेनानी फोटोयुक्त पहचान पत्र, केन्द्र अथवा राज्य माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी 10वीं एवं 12वीं की फोटोयुक्त अंकसूची, बार कौंसिल द्वारा अधिवक्ताओं को जारी फोटोयुक्त परिचय पत्र, फोटोयुक्त विकलांगता प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, महाविद्यालय अथवा विद्यालय द्वारा जारी फोटोयुक्त पहचान पत्र, फोटोयुक्त शस्त्र लायसेंस, छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा सॉफ्टवेयर एसईसी-ईआर द्वारा ऑनलाईन जनरेटेड मतदाता पहचान पर्ची शामिल है। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे।

नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025

## मतदान दिवस विभिन्न उपक्रमों में नियोजित श्रमिकों को मिलेगा सवेतन अवकाश

- संवाददाता -
**बलरामपुर, 08 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।**

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के अनुसार नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष व पार्षद पदों के लिए तथा नगर पंचायत के अध्यक्ष व पार्षद पदों के निर्वाचन के लिए मंगलवार 11 फरवरी 2025 को मतदान किया जाएगा। इसी तरह त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 कार्यक्रम अनुसार जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच एवं पंच के निर्वाचन के लिए सोमवार 17 फरवरी, गुरूवार 20 फरवरी एवं रविवार 23 फरवरी को मतदान तिथि निर्धारित की गई है।

निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत मतदान के दिन कर्मचारियों को अवकाश मंजूरी में उल्लेखित प्रावधान के अनुसार नियत मतदान तिथि में कारखाना अधिनियम 1948 तथा छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1953 अंतर्गत आने वाले कारखानों व संस्थाओं के स्थापनाओं में कार्यरत श्रमिक व कर्मचारियों को मतदान के दिन संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में सवैतनिक अवकाश घोषित किया गया है। साथ ही ऐसे कारखाने जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते हैं, वहां प्रथम एवं द्वितीय पॉली के श्रमिकों को मतदान के दिन 2-2 घंटे का अवकाश घोषित किये जाने तथा जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया अंतर्गत आते हैं, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा देने के निर्देश दिए गए हैं। मतदान की सुविधा समस्त कार्यरत श्रमिक अथवा कर्मचारियों चाहे वे दैनिक वेतनभोगी हो या आकस्मिक श्रमिक हो, उनको प्रदान किया जाएगा।

## रात्रि 12 बजे प्रचार-प्रसार बंद हो जाएगा

- संवाददाता -
**बलरामपुर,08 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।**

नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत अध्यक्ष एवं पार्षद पद हेतु निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के लिए प्रचार-प्रसार की अंतिम तिथि 9 फरवरी 2025 को रात्रि 10 बजे तक रहेगी। निर्वाचन प्रचार-प्रसार के लिए रात्रि 10 बजे तक अभ्यर्थी माइक सिस्टम का उपयोग कर सकते हैं। रात्रि 12 बजे प्रचार-प्रसार बंद हो जाएगा। चुनाव प्रचार रात्रि 12 बजे तक ही किया जा सकता है। रात्रि 12 बजे के पश्चात कोई चुनाव प्रचार नहीं होगा। रात्रि 10 बजे के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्रों की अनुमति नहीं होने के कारण रात्रि 10 बजे से रात्रि 12 बजे बीच सामान्य चुनाव प्रचार किया जा सकेगा। छत्तीसगढ़ स्थानीय प्राधिकारी (निर्वाचन अपराध) अधिनियम के अनुसार कोई भी व्यक्ति किसी निर्वाचन क्षेत्र में उस दिनांक या उन दिनांकों को जिनको की उस निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन के लिए मतदान किया जाना हो एक दिन पहले कोई सार्वजनिक सभा नहीं बुलाएगा, न करेगा और न उसमें उपस्थित होगा। इस अनुबंध का उल्लंघन अधिनियम के अनुसार दण्डनीय अपराध की श्रेणी में है। मतदान के ठीक एक दिन पहले सार्वजनिक तौर पर चुनाव प्रचार नहीं किया जा सकता है। इसके अंतर्गत सार्वजनिक सभाएं, जुलुस, नुक्कड़ सभाएं, लाऊडस्पीकर का उपयोग इत्यादि पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## जीत में जश्न, भाजपा जिला अध्यक्ष बोले...अब खत्म हुआ भ्रमजाल

- संवाददाता -
**अंबिकापुर, 08 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।**

दिल्ली चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत पर अम्बिकापुर में जश्न का माहौल रहा। भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में घड़ी चौक पर कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटकर और आतिशबाजी कर जीत की खुशी मनाई।

इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली की जनता ने एक जालसाजी व्यक्ति÷ को सत्ता से बाहर कर दिया है, जिसने जनता को भ्रम में डालकर अपना वर्चस्व कायम किया था। लेकिन अब दिल्ली ने विकास के पक्ष में वोट देकर भाजपा को जिताया है, जिसका असर अंबिकापुर के नगरीय निकाय चुनाव में भी देखने को मिलेगा।

उन्होंने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और भाजपा सरकार के विकास कार्यों का परिणाम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि इसी ऊर्जा और जोश के साथ अम्बिकापुर नगर निकाय चुनाव में भी जीत सुनिश्चित करें। इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे और सभी ने दिल्ली की जीत को अम्बिकापुर के लिए शुभ संकेत बताया।











## अब वह समय दूर नहीं जब निगम के कांग्रेस कुशासित सरकार का अंत होने वाला हैः मंजूषा भगत

- संवाददाता -
**अंबिकापुर, 08 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।**

आज महापौर भाजपा प्रत्याशी मंजूषा भगत नगर भ्रमण के दौरान लोगों के घरों में पहुंचकर भाजपा को समर्थन देने के लिए अपील की।

आज क्रमांक 16 चंद्रशेखर आजाद वार्ड एवं वार्ड क्रमांक 09 महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड में घर-घर संपर्क कर समर्थन का आग्रह कर आशीर्वाद लिया।

मंजूषा भगत ने कहा कि अंबिकापुर शहर के सभी वार्डों में लोग भाजपा को पसंद कर रहे हैं। हमें जनता का पूरा सहयोग प्राप्त हो रहा है, निगम में निश्चित रूप से हम सरकार बनायेंगे। आज उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व को सराहा जा रहा है, दिल्ली के चुनावी परिणाम ने यह साबित कर दिया है कि जनता को भाजपा पर भरोसा है, जहां कांग्रेस एक सीट भी नहीं पाई वही पर भ्रष्ट आप पार्टी का सूपड़ा साफ हो गया।

मंजूषा भगत में कहा कि अब वह समय दूर नहीं है जब अंबिकापुर निगम के 10 वर्षीय कुशासित कांग्रेस सरकार का अंत होने वाला है, पूर्व में भी भाजपा ने जो जो वादा किया उसे एक वर्ष में पूरा कर दिखाया है और आगे भी हम सभी वादा को पूरा करेंगे।भ्रमण के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर, भाजपा पार्षद प्रत्याशी रविकांत उरांव,पार्षद प्रत्याशी, लवली ताम्रकार और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

CMYK

# नगरीय निकाय निर्वाचन 2025: मतदान के 48 घंटे पहले प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों का कराना होगा पूर्व प्रमाणन

-संवाददाता-
सूरजपुर,08 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

नगरीय निकाय निर्वाचन के मद्देनजर मतदान के 48 घंटे पहले प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा। इसके लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं। नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के लिए जिले में 11 फरवरी को मतदान प्रक्रिया संपन्न होगी। निर्वाचन आयोग द्वारा प्रिंट मीडिया में मतदान की तिथि व मतदान से पूर्व दिवस पर प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों के पूर्व प्रमाणन के लिए समय सीमा तय कर दी है। प्रिंट मीडिया में प्रकाशन के लिए विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणन के लिए आवेदकों को मतदान के दिन और मतदान से पूर्व दिवस पर विज्ञापन के प्रकाशित होने की प्रस्तावित तिथि से दो दिन पहले मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) को आवेदन देकर पूर्व प्रमाणन कराना होगा। धार में विज्ञापनों के प्रमाणन के लिये जिला पंचायत में गठित एमसीएमसी प्रकोष्ठ में दल तैनात किया गया है। विज्ञापन प्रकाशित कराने वाले सभी संबंधितों से आग्रह किया गया है कि वे अपने विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन पहले से ही करवा लें।




## मतदान और मतगणना दिवस को शुष्क दिवस घोषितः मदिरा दुकानें पूर्णतः बंद रखने आदेश जारी



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन श्री एस जयवर्धन ने मतदान दिवस और मतगणना दिवस को शुष्क दिवस घोषित करते हुए जिले में संचालित मदिरा दुकानें पूर्णतः बंद रखने आदेश जारी किया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगरपालिकाओं (नगरपालिका परिषद, नगर पंचायत) के अध्यक्ष तथा पार्षद पदों के आम निर्वाचन के दौरान दिनांक 9 फरवरी की संध्या 5 बजे से 11 फरवरी को मतदान समाप्ति तक और मतगणना दिनांक 15 फरवरी को मतगणना समाप्ति तक जिले के देशी कंपोजिट मदिरा दुकान सूरजपुर, शिवनंदनपुर एवं विदेशी मदिरा दुकान प्रतापपुर, जरही और भटगांव, को बंद रखने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है। आदेश में कहा गया है कि उक्त अवधि में जिले में संचालित इन दुकानों को पूर्णतः बंद रखा जाए तथा अवैध शराब बिक्री, धारण, परिवहन आदि पर समुचित नियंत्रण रखा जाए तथा आदेश का कड़ाई से पालन किया जाए।

## नगर पंचायत प्रतापपुर के वार्ड क्रमांक 07 डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड में आदर्श मतदान केन्द्र का किया गया स्थापना




छ.ग. राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 हेतु मतदान केंद्र प्रणाली को अधिक महत्व देने के उद्देश्य से और मतदाताओं के लिए मतदान के संपूर्ण अनुभव को आनंददायक एवं पुष्टिकारक बनाने के लिए जिले के नगर पंचायत प्रतापपुर के वार्ड क्रमांक 07 डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड में आदर्श मतदान केन्द्र का स्थापना किया गया है। जिसके अन्तर्गत भवन अच्छी स्थिति में हो तथा सुसज्जित हो, भवन तक पहुँच आसान हो, मतदान कार्मिको एवं मतदान अभिकर्ताओं हेतु अच्छी गुणवत्ता वाला फर्नीचर हो, निकास, प्रवेश जैसे संकेतक आदि की सुविधाएँ हो, बुनियादी न्यूनतम सुविधाएँ जैसे बिजली, पृथक शौचालय, पेयजल, टेनटेज, रैम्प एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर, मतदाता सहायता बूथ, कतार में मतदाताओं को पेयजल प्रदान करना, दृष्टिविहीन/असक्त/वृद्ध मतदाताओं, गर्भवती महिलाओं/स्तनपान कराने वाली माताओं आदि के लिए प्राथमिकता के आधार पर मतदान की व्यवस्था, कतार में मतदाताओं के लिए बैठने की व्यवस्था किया जायेगा।

## कलेक्टर एवं एस.पी. ने मतदान करने के लिए की लोगों से अपील




जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सूरजपुर श्री एस. जयवर्धन एवं पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत ठाकुर ने जिले के समस्त मतदाताओं से नगरीय निकाय चुनाव में मतदान करने की अपील की है। आगामी 11 फरवरी को जिले के पांच नगरीय निकायों में होने वाले चुनाव को देखते हुए, उसमें जनता की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने यह अपील की है। उन्होंने जिले के मतदाताओं में से पहली बार वोट दे रहे सभी नवीन मतदाताओं एवं युवा मतदाताओं से भी अपने मत प्रयोग करने के लिए विशेष रूप से अपील की है। साथ ही उन्होंने जिले के सभी महिला मतदाताओं को अपने व्यस्त दिनचर्या से समय निकालकर अपना मत प्रयोग करने की अपील की है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान द्वारा हमें एक महत्वपूर्ण अधिकार के रूप में मत देने का अधिकार दिया गया है। यह एक ऐसा अधिकार है जिसके प्रयोग के द्वारा ही आप अपने क्षेत्र के संपूर्ण विकास में अपना योगदान दे सकते हैं और लोकतंत्र को स्वस्थ और मजबूत बना सकते हैं।

## नियम विरूद्ध बटांकन दर्ज करने पर पटवारी सहित अन्य 10 भूमि स्वामियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के दिया गया निर्देश

-संवाददाता-
कोरबा,08 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।



कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा तहसील करतला अंतर्गत पटवारी हल्का नंबर 34 ग्राम चोरभट्ठी के पटवारी लोकेश्वर मैत्री को ढाई सौ एकड़ से अधिक शासकीय भूमि को निजी भूमि बनाकर भूमि स्वामियों के नाम पद दर्ज करने के मामले में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के प्रतिवेदन के आधार पर निलंबित कर उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय पसान नियत किया गया है। इस मामले में कलेक्टर ने नियम विरूद्ध बटांकन दर्ज करने पर पटवारी, कंप्यूटर आपरेटर बिट्टू चौहान सहित अन्य 10 भूमि स्वामियों के विरूद्ध पुलिस में प्रकरण दर्ज कराने एसडीएम कोरबा को निर्देशित किया है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के तहसील करतला अंतर्गत पटवारी हल्का नंबर 34 ग्राम चोरभट्ठी के पटवारी लोकेश्वर मैत्री द्वारा ग्राम चोर भट्ठी में स्थित भूमि मूल खसरा नंबर 223, 265, 312, 503, 980 को 10 व्यक्तियों के नाम पर आरडी सीरिज में दर्ज कर 24.10.2024 को सत्यापित किया गया है। प्रतिवेदन में बताया गया कि उक्त खसरा नंबर एवं रकबा अन्तर्गत भूमि स्वामी बने विजय पिता मेलाराम, नवीन बहादुर पिता हरी बहादुर, गजानंद पिता हीरादास, रामेश्वर पिता सहेत्तर, धनेश पिता परसराम, हीरादास पिता भुवनदास, भालेश्वर पिता शिवकुमार, विनोद विश्वास पिता विवेक विश्वास, दोमेन्द्र प्रसाद पिता महावीर, ज्योति राय पिता प्रिंस राय को भूमि स्वामी बनाया गया है। जांच प्रतिवेदन में बताया गया कि खसरा नंबर एवं रकबा 223/7, 265/7, 312/8, 503/10, 980/7 रकबा क्रमशः 2.500, 2.430, 1.980, 1.560, 1.852 हेक्टेयर भूमि एक्सिस बैंक रायपुर छत्तीसगढ़ में 27.12.2024 से बंधक है। उक्त भूमि का वर्तमान भूमि स्वामी रामेश्वर पिता सहेत्तर है। इसी तरह 223/9, 265/9, 312/10, 503/12, 980/9 रकबा क्रमशः 2.500, 2.199, 1.560, 1.880, 1.202 हेक्टेयर भूमि इसाफ स्माल फायनेंस बैंक चांपा में 21 जनवरी 2025 से बंधक है। उक्त भूमि का स्वामी वर्तमान में हीरादास पिता भुवन दास है। इसी तरह खसरा नंबर 223/12, 265/12, 312/13, 503/15, 980/12 रकबा क्रमशः 2.500, 2.850, 2.400, 1.640, 0.640 हेक्टेयर भूमि एक्सिस बैंक रायपुर छत्तीसगढ़ में बंधक है। उक्त भूमि का स्वामी वर्तमान में दोमेन्द्र प्रसाद पिता महावीर है। तहसीलदार करतला द्वारा जांच प्रतिवेदन में बताया गया है कि उक्त भूमि अधिकार अभिलेख वर्ष 1954-55 में 223/ 1, 265/1, 312/1 रकबा क्रमशः 43.94, 0.24, 10.03 एकड़ भूमि छोटे झाड़ के जंगल मद में दर्ज है एवं ख.नं. 503/1, 980/1 रकबा क्रमशः 17.68, 17.60 एकड़ भूमि अधिकार अभिलेख 1954-55 में बड़े झाड़ के जंगल मद में दर्ज है। इस प्रकरण में कलेक्टर द्वारा दिये गये निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी (रा0 ) कोरबा उपरोक्तानुसार लगभग 250 एकड़ भूमि से अधिक को पुनः शासकीय भूमि में दर्ज किया जा रहा है।

## जनकपुर एवं झगराखाण्ड की ईवीएम कमिशनिंग प्रक्रिया पूरी कर मतदान केंद्रों के लिए भेजा गया

-संवाददाता-
एमसीबी,08 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।


मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में नगरीय निकाय चुनाव 2025 के लिए जनकपुर एवं झगराखाण्ड की ईवीएम कमीशनिंग प्रक्रिया पूरी कर ली गई। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय स्थित वेयरहाउस गोदाम, पानी टंकी के पास स्थित पुराने बालक प्राथमिक शाला मनेंद्रगढ़ में बनाए गए ईवीएम गोदाम को प्रवेक्षक एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा ईवीएम नोडल अधिकारी की उपस्थिति में 07 फरवरी को सुबह 10:30 बजे खोला गया। नगर पालिका और नगर पंचायत चुनावों की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए यह प्रक्रिया निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों के अनुरूप पूरी की गई। इस दौरान सभी संबंधित अधिकारियों और





कर्मचारियों को ईवीएम संचालन की विस्तृत जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनरों द्वारा ईवीएम की बैलेट यूनिट और कंट्रोल यूनिट की कार्यप्रणाली को विस्तार से समझाया गया, ताकि मतदान प्रक्रिया में कोई तकनीकी बाधा न आए। कमीशनिंग और रेंडमाइजेशन के बाद नगर पंचायत जनकपुर के 15 मतदान केंद्रों के लिए 50 बैलेट यूनिट और 30 कंट्रोल यूनिट आवंटित किए गए, इसके साथ ही झगराखण्ड की 15 मतदान केन्द्रों के लिए 48 बैलेट यूनिट और 27 कंट्रोल यूनिट आवंटित किए गए, जिन्हें निर्धारित स्थल पर भेजा गया। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान रिटर्निंग अधिकारी, सेक्टर अधिकारी, राजस्व निरीक्षक (आरआई), पटवारी और अन्य संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे।

## सभी विकास खंड में मतदान दलों को दिया जा रहा प्रशिक्षण





-संवाददाता-
जशपुरनगर,08 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में जिले के मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया रहा है। मनोरा विकासखंड,स्वामी आत्मानंद स्कूल जशपुर में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए मतदान दलों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।इसी प्रकार पत्थलगांव विकासखंड, कुनकुरी विकासखंड, फरसाबहार विकासखंड, बगीचा विकासखंड में मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मतदान की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी जा रही है। मास्टर ट्रेनर द्वारा निर्वाचन के नियम, प्रक्रिया, पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी 1 मतदान अधिकारी 2 और मतदान अधिकारी 3 के कार्यो को विस्तार से बताया जा रहा है ?।

मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदान अधिकारियों को निर्वाचन के नियमों के संबंध में जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण विशेष रूप से अधिकारियों को निर्वाचन की प्रक्रिया को सही और निष्पक्ष चुनाव संपादित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है ।

मतदान अधिकारी चुनाव प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं को समझने और लागू करने में सक्षम होते हैं। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होता है कि निर्वाचन प्रक्रिया पारदर्शी,और निष्पक्ष हो सके।

मतदान अधिकारी का प्रशिक्षण मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर आधारित होता है। मतदान अधिकारी को निर्वाचन के प्रत्येक चरण के बारे में बताया जाता है, जैसे नामांकन, मतदान, मतगणना और परिणाम की घोषणा। अधिकारियों को मतदाता सूची की जाँच करने की प्रक्रिया के बारे में बताया जाता है। वे यह सुनिश्चित करते हैं कि मतदान केंद्र पर सही मतदाता उपस्थित हैं और उनका नाम सूची में दर्ज है। मतदान कक्ष की सुरक्षा और गोपनीयता बनाए रखने के लिए मतदान अधिकारियों को मार्गदर्शन दिया जाता है। उन्हें यह भी बताया जाता है कि मतदाताओं को शांतिपूर्वक मतदान करवाना सुनिश्चित करें। मतदान अधिकारी को चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की शिकायतों का समाधान करना भी रहता है। मतदान प्रक्रिया की निगरानी मतदान अधिकारी को यह बताया जाता है कि वह मतदान केंद्र पर होने वाली सभी गतिविधियों की निगरानी करें, ताकि चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हो। मतदान अधिकारियों को निर्वाचन संबंधित कानून, नियम और निर्देशों के बारे में पूरी जानकारी दी जाती है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर(छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0/ब-121/
ग्राम- प0ह0न0

::-ईश्तहार::-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मन्सूर हसन पिता नजीमुद्दीन जाति मुसलमान निवासी ग्राम भवराही प0ह0नं0 रा0नि0मं0 भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्र/पुत्री शेखमुल्ला का जन्म दिनांक 01/01/2010 को ग्राम भवराही में हुई है।अज्ञानतावश जन्म पंजीयन नहीं करा पाया है। आवेदक अपने पुत्र/पुत्री शेखमुल्ला का जन्म पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत भवराही को आदेशित करने का आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 27/02/2025 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 07/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील
कार्यापालिक दण्डाधिकारी
भैयाथान जिला-सूरजपुर
(छ0ग0)

**न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर जिला सूरजपुर(छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0 9047 /ब-121/

जारी दि.27/01/2025

::-ईश्तहार::-

आवेदक/आवेदिका का नाम संतोष सिंह पिता/पति बुधराम जाति गोंड़ निवासी ग्राम/मोहल्ला गेतरा प0ह0नं015 तहसील सूरजपुर जिला-सूरजपुर(छ0ग0) ने अपने दादी शिवपुरहिन पति खेदू मृत्यु/जन्म दिनांक 10/10/2008 का मृत्यु/जन्म प्रमाण-पत्र बनवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 11/02/2025 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। तदनुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/01/2025 को जारी किया जाता है।

सील
तहसीलदार
सूरजपुर
जिला-सूरजपुर
(छ0ग0)

# पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा कोरिया के पुत्र का निष्कासन कैसे भाजपा जिलाध्यक्ष करेंगे...

# जो भाजपा समर्थित प्रत्याशी के सामने लड़ रहे हैं चुनाव?



## पूर्व जिलाध्यक्ष के भाई का निष्कासन तो वर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष ने कर दिया अब पूर्व जिलाध्यक्ष के पुत्र का निष्कासन कब होगा?

## क्या वर्तमान जिलाध्यक्ष नहीं कर पा रहे हैं एक समान कार्यवाही?

## क्या वर्तमान जिलाध्यक्ष पूर्व जिलाध्यक्ष के पुत्र पर कार्यवाही करने से घबरा रहे हैं?




## वर्तमान जिलाध्यक्ष पार्टी विरोधी कार्य करने वाले के विरुद्ध कर रहे हैं कार्यवाही पर उनकी कार्यवाही में पूर्व जिलाध्यक्ष के पुत्र का नाम क्यों नहीं



-रवि सिंह-
कोरिया,08 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

वर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष की कार्यप्रणाली इस समय सुर्खियों में और यह सुर्खियों में तब से है जब इन्होंने पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल के भाई विपिन बिहारी जायसवाल को पार्टी से निष्कासित कर दिया था और सदस्यता समाप्त कर दी थी उनकी, वह कार्यवाही वर्तमान जिलाध्यक्ष की पहली कार्यवाही थी, उनके ऊपर कार्यवाही भाजपा समर्थित प्रत्याशी के विरुद्ध चुनाव में लड़ना हुआ अभद्र टिप्पणी पर हुई थी, वहीं अब पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कोरिया के पुत्र जनपद पंचायत क्रमांक 9 से भाजपा समर्थित प्रत्याशी के विरुद्ध चुनाव लड़ रहे हैं पर अभी तक कार्यवाही की कोई जानकारी नहीं आई है, बाकी सारी जानकारियां सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी हैं पर जिलाध्यक्ष के पुत्र के विरुद्ध हुई कार्यवाही का आदेश अभी तक कहीं भी वायरल नहीं हुआ है, हो सकता है कि यह भी कार्यवाही हुई हो पर अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है और दैनिक घटती-घटना इसकी पुष्टि नहीं करता है।

भाजपा जिला कोरिया के पूर्व जिलाध्यक्ष के बदले जाने के बाद ऐसा लग रहा था कि जिला संगठन के अंदरखाने का विरोध कम हो जाएगा और परिस्थितियां सामान्य हो जाएंगी, पूर्व जिलाध्यक्ष के हटने की खुशियां नए जिलाध्यक्ष के आने से अधिक थी, सभी को लगा था कि वर्तमान जिलाध्यक्ष सभी को एक समान नजरिए से देखेंगे और अंदर के डैमेज कंट्रोल को कंट्रोल कर लेंगे, पर उनके जिलाध्यक्ष बनने के 2 माह बाद भी वह स्थिति निर्मित होती नहीं दिख रही, जहां उनके जिलाध्यक्ष बनते ही नगरीय निकाय व त्रीस्तरीय पंचायत चुनाव सामने है वही भाजपाइयों के असंतोष की वजह से या कहें कि प्रत्याशी चुनने के निर्णय को लेकर विद्रोह दिखने लगा है और विद्रोह की वजह से जिलाध्यक्ष कार्यवाही भी कर रहे हैं पर कार्यवाही के बीच एक ऐसी कार्यवाही नहीं हुई है जिसकी लोगों को उम्मीद थी, बैकुंठपुर जनपद क्षेत्र क्रमांक 11 से भाजपा द्वारा अपना समर्थित प्रत्याशी तय कर लिया गया पर एक भाजपाई ने विरोध जताया जिसके बाद अभद्रता की बात कह कर उसे पार्टी से निकाल दिया गया, जिसे पार्टी से निकाला गया वह कोई और नहीं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कोरिया कृष्ण बिहारी जायसवाल के छोटे भाई हैं विपिन बिहार जायसवाल थे, इसके बाद तीन लोगो को चेतवानी पत्र दिया गया, कार्यवाही के लिए अलग-अलग तीन लोगों पर भाजपा कोरिया जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी द्वारा पत्र लिखा गया, जिसमें एक नाम है राजेश साहू का जो भाजपा प्रत्याशी के विरुद्ध जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 4 से चुनाव लड़ रहे हैं , इसके बाद पुष्पलता राजवाड़े व विमल चेरवा के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की गई है। जिसमे लिखा था की जिला पंचायत सदस्य चुनाव में पार्टी द्वारा अधिकृत उम्मीदवारों के विरुद्ध निर्वाचन में भाग लिया गया है। पूर्व में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने आपको ऐसा करने से मना किया था किन्तु आपके द्वारा अनुशासन के विपरीत आचरण किया गया है। इस संबंध में आपके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की गई है। दिनांक 10-02-2025 तक जिला कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं, अन्यथा आपके विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। लिए वर्तमान जिलाध्यक्ष ने लेटर जारी कर दिया वहीं एक और नाम पर कार्यवाही होनी थी जो नहीं हुई जिस पर कार्यवाही नहीं हुई वह हैं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष के बेटे कुणाल जायसवाल जो भाजपा समर्थित प्रत्याशी रमेश राजवाड़े के सामने जनपद चुनाव के लिए खड़े हुए हैं और चुनाव चिन्ह भी आवंटित हो गया है ऐसे में अब वर्तमान जिलाध्यक्ष भाजपा कोरिया की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ गया है कि वह भी कार्यवाही मुंह देखा देखी कर रहे हैं और जिन्हें कमजोर पा रहे हैं उसी पर तत्काल कार्यवाही कर दे रहे हैं या चेतावनी पत्र लिख रहे और जिसकी वजह से पार्टी में असंतोष देखने को मिल रहा है वहीं अब लोगों का यह भी कहने सुन को मिल रहा रहे हैं कि वह पूर्व जिलाध्यक्ष के पुत्र पर कार्यवाही इसलिए नहीं कर पा रहे क्योंकि वह घबरा रहे हैं।



भारतीय जनता पार्टी, जिला–कोरिया (छ.ग.)

प्रति,
मंडल अध्यक्ष
बैकुण्ठपुर, पटना, कुडेली, सलका, शिवपुर चरचा, बचरापोंड़ी, सोनहत

विषय:– जिला पंचायत सदस्य चुनाव हेतु भारतीय जनता पार्टी द्वारा समर्थित अभ्यर्थियों के विरुद्ध प्रचार–प्रसार करने वाले कार्यकर्ताओं की सूची प्रेषित करने विषयक।

मान्यवर,

विषयांतर्गत लेख है कि भारतीय जनता पार्टी जिला–कोरिया द्वारा जिले के सभी 10 जिला पंचायत क्षेत्रों में पार्टी द्वारा अधिकृत उम्मीदवारों की घोषणा की गई है। चुनाव चिन्ह आवंटित होने के बाद ज्ञात हुआ है कि कुछ कार्यकर्ता अधिकृत होने के बावजूद चुनाव लड़ रहे हैं, जिनके विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित किया गया है।

आप से अनुरोध है कि आपके मंडल अंतर्गत ऐसे कार्यकर्ताओं की सूची जिला कार्यालय को 8 फरवरी 2025 तक उपलब्ध करायें जो भाजपा समर्थित उम्मीदवारों के विरुद्ध चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं। ऐसे कार्यकर्ताओं को लिखित सूचना भी तत्काल देवें कि अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध कार्य करने पर उनकी सदस्यता तत्काल प्रभाव से अमान्य कर दी जाएगी।

दिनांक–07–02–2025

देवेन्द्र तिवारी
जिलाध्यक्ष

वर्तमान जिलाध्यक्ष में मंडल अध्यक्षों को लिखा पत्र



प्रति,
(1) श्री राजेश कुमार साहू
ग्राम–पिपरा
(2) श्रीमती पुष्पलता राजवाड़े
ग्राम–खरवत
(3) श्री विमल कुमार चेरवा
ग्राम–झरनापारा

विषय– भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत जिला पंचायत सदस्य उम्मीदवार के विरुद्ध चुनाव लड़ने के संबंध में।


विषयांतर्गत लेख है कि आपके द्वारा जिला पंचायत सदस्य चुनाव मे पार्टी द्वारा अधिकृत उम्मीदवारों के विरुद्ध निर्वाचन मे भाग लिया गया है। पूर्व मे पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने आपको ऐसा करने से मना किया था किन्तु आपके द्वारा अनुशासन के विपरीत आचरण किया गया है। इस संबंध मे आपके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की गई है।

दिनांक 10–02–2025 तक जिला कार्यालय मे उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है, अन्यथा आपके विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

दिनांक–07–02–2025

देवेन्द्र तिवारी
जिलाध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी
जिला कोरिया

तीन भाजपाईयों को दिया चेतावनी पत्र



भारतीय जनता पार्टी, जिला–कोरिया (छ.ग.)

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करते हुए जनपद पंचायत स्तरीय चयन समिति एवं मण्डल चयन समिति द्वारा प्रस्तावित सूची को जिला कोर कमेटी द्वारा सर्व सम्मति से पारित कर जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर के निम्नांकित प्रत्याशियों को भारतीय जनता पार्टी द्वारा समर्थित प्रत्याशी घोषित किया जाता है।


| क0 | आरक्षण | निर्वाचन क्षेत्रों का क्रमांक एवं नाम | प्रत्याशी का नाम | पिता/पति का नाम | पता | मो0नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अनारक्षित (महिला) | क्षेत्र क्रमांक 02 सरडी | श्रीमती धर्मवती राजवाड़े | श्री नैतलाल राजवाड़े | बिशुनपुर | 9131516015 |
| 2 | अनारक्षित (महिला) | क्षेत्र क्रमांक 08 ओड़गी | श्रीमती गायत्री देवी साहू | श्री कुबेर साहू | छिंदडांड | 8103511076 |
| 3 | अनारक्षित (मुक्त) | क्षेत्र क्रमांक 09 चेरवापारा | श्री रमेश राजवाड़े | स्व0. कैलाश कुमार | खरवत | 7000381271 |
| 4 | अ.ज.जा. (मुक्त) | क्षेत्र क्रमांक 10 भांड़ी | श्री ढलेश्वर सिंह | श्री जय सिंह | कसरा | 7805053331 |
| 5 | अनारक्षित (मुक्त) | क्षेत्र क्रमांक 11 छिन्दिया | श्री अंकित कुमार जायसवाल | स्व. रामलाल जायसवाल | छिन्दिया | 7000876005 |
| 6 | अनारक्षित (मुक्त) | क्षेत्र क्रमांक 12 कुडेली | श्री शिवचरण साहू | श्री रघुनाथ साहू | सरभोका | 9977832971 |
| 7 | अ.जा. मुक्त) | क्षेत्र क्रमांक 17 खोड़ | श्री रंजीत कुमार मंडल | स्व. द्वारिका प्रसाद मंडल | खोंड़ | 7489339033 |
| 8 | अनारक्षित (मुक्त) | क्षेत्र क्रमांक 19 दुधनिया | श्री सत्यम साहू | श्री मधुसुदन साहू | रनई | 7898880005 |

30.01.2


भाजपा समर्थित प्रत्याशियों की सूची

## वर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष ने मंडल अध्यक्ष को लिखा पत्र दी चेतावनी

कोरिया भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने पूरे जिले के 8 मंडलों के अध्यक्ष को पत्र लिखकर कहा कि जिला पंचायत सदस्य चुनाव हेतु भारतीय जनता पार्टी द्वारा समर्थिता अभ्यर्थियों के विरुद्ध प्रचार प्रचार करने वाले कार्यकर्ताओं की सूची प्रेषित करें ताकि उनके विरुद्ध कार्रवाई की जा सके,उन्होंने यह भी लिखा की 10 जिला पंचायत क्षेत्र में पार्टी द्वारा अधिकृत उम्मीदवारों की घोषणा की गई है चुनाव चिन्ह आवंटित होने के बाद ज्ञात हुआ है कि कुछ कार्यकर्ता अधिकृत होने के बावजूद चुनाव लड़ रहे हैं जिनके विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित किया गया है, आपसे अनुरोध है कि आपके मंडल अंतर्गत ऐसे कार्यकर्ताओं की सूची जिला कार्यालय को 8 फरवरी तक उपलब्ध कारण जो भाजपा समर्थित उम्मीदवारों के विरुद्ध चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं ऐसे कार्यकर्ताओं को लिखित सूचना भी तत्काल देवें की अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध कार्य करने पर उनके सदस्यता तत्काल प्रभाव से अमान्य कर दी जाएगी...जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी के पत्र ने भाजपाइयों में जहां खलबली मचा दी है और कार्यवाही का डर उत्पन्न कर दिया है वहीं एक सवाल अभी भी लोगों के जेहन मे पूर्व जिलाध्यक्ष के पुत्र जो भाजपा समर्थित जनपद पंचायत प्रत्याशी क्षेत्र क्रमांक 9 चेरवापारा के विरुद्ध नामांकन भर के चुनाव मैदान में है जिनका चुनाव चिन्ह भी आवंटित हो चुका है इनके विरुद्ध कार्यवाही न होने से जिलाध्यक्ष के कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।




पूर्व जिलाध्यक्ष के पुत्र भाजपा समर्थित प्रत्याशी के सामने मैदान में




भाजपा समर्थित प्रत्याशी

## क्या अपने बेटे के सामने ही हार गए पूर्व जिलाध्यक्ष

पूर्व जिलाध्यक्ष अपने पुत्र को भाजपा समर्थित प्रत्याशी के विरुद्ध चुनाव लड़ने से नहीं रोक पाए। क्या वह अपने पुत्र से ही हार गए यह बड़ा सवाल है?

## जिनका खुद के बेटे पर नहीं है कंट्रोल...वह कैसे देंगे बाकी भाजपाइयों को एकजुटता का सन्देश

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा को कोरिया जिले का प्रभारी बनाया गया है,पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी दी है उन्हें अब यह भी सुनने के लिए मिल रहा है की वह अपने पुत्र की बगावत नहीं रोक पाए हैं और उनका पुत्र भाजपा के घोषित समर्थित प्रत्याशी के विरुद्ध चुनावी मैदान में है। अब यह सोचने वाली बात है विचारणीय है कि जो व्यक्ति अपने ही पुत्र पर नियंत्रण नहीं रख पा रहा है वह कैसे पार्टी को एकजुट रखेगा? कैसे वह पार्टी समर्थित प्रत्याशियों को जीत दिलाएगा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में? कुल मिलाकर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष को ऐसे में खुद को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की जिम्मेदारी से अलग हो जाना चाहिए।

# होटल राज एवं सनराइज स्पा सेंटर पर पुलिस की छापेमारी

-संवाददाता-
कोरबा,08 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि राज होटल एवं सनराइज स्पा सेंटर में अनैतिक एवं अवैध गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इस सूचना के आधार पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली थाना एवं सीएसईबी चौकी पुलिस टीम द्वारा उक्त स्थानों पर दबिश दी गई, जिसमें होटल राज में चार पुरुष एवं महिलाएं आपत्तिजनक स्थिति में मिले,वहीं सनराइज स्पा सेंटर में एक पुरुष और महिला आपत्तिजनक अवस्था में पाए गए। इसके अतिरिक्त दो अन्य महिलाएं भी संदिग्ध अवस्था मे मिली। जांच में पाया गया कि इन दोनों स्थानों पर मिली महिलाएं सिक्किम, पश्चिम बंगाल एवं रायपुर की निवासी हैं। पुलिस द्वारा मौके पर मौजूद संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई प्रारंभ की जा रही है।




# खोंगापानी वार्ड क्रमांक 11 एवं 12 खोंगापानी में मतदाताओं को ईवीएम का दिया गया प्रशिक्षण

-संवाददाता-
एमसीबी,08 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

आगामी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 को देखते हुए नगर पंचायत खोंगापानी के वार्ड क्रमांक 11 एवं 12 की पुराना नगर पंचायत कार्यालय खोंगापानी में मतदाताओं के लिए ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया और मतदान प्रक्रिया की बारीकियों को समझा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर ने ईवीएम की कार्यप्रणाली को विस्तार से समझाया।



उन्होंने बताया कि निष्पक्ष और पारदर्शी मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं को ईवीएम का सही उपयोग करना आवश्यक है। प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम के संचालन की पूरी प्रक्रिया का लाइव प्रदर्शन किया गया, जिससे नागरिक किसी भी प्रकार की भ्रांति से मुक्त होकर अपने मताधिकार का सही तरीके से उपयोग कर सकें। मास्टर ट्रेनर ने मतदाताओं से अपील की कि वे बिना किसी दबाव के स्वतंत्र रूप से मतदान करें और लोकतंत्र को सशक्त बनाएं। इस अवसर पर नोडल अधिकारी सहित वार्ड के कई गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशिक्षण सत्र में सक्रिय भागीदारी निभाई और मतदान प्रक्रिया से जुड़े अपने संदेहों का समाधान प्राप्त किया।

# वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया पहुंची कटक



### » सीरीज जीत पर होंगी रोहित सेना की निगाहें

**कटक,08 फरवरी 2025।** भारत और इंग्लैंड की बीच वनडे सीरीज का आयोजन किया जा रहा है। इस सीरीज में टीम इंडिया अभी 1-0 से आगे चल रही है। भारतीय टीम ने सीरीज के पहले मुकाबले में इंग्लैंड की टीम को नागपुर में 4 विकेट से हराया था। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया अब दूसरे मुकाबले के लिए तैयार नजर आ रही है। इस मैच का आयोजन 09 फरवरी को कटक में किया जाएगा। इस मुकाबले के लिए टीम इंडिया कटक पहुंच गई है। बीसीसीआई ने टीम इंडिया का एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में टीम इंडिया कटक पहुंचती हुई नजर आ रही है।

### टीम इंडिया का जोरदार स्वागत

नागपुर में पहला वनडे मैच जीतने के बाद टीम इंडिया जब होटल से एयरपोर्ट की ओर जा रही थी तब भारी मात्रा में फैंस उन्हें सीऑफ करने के लिए आए थे। फैंस अपने पसंदीदा क्रिकेटर की एक झलक पाने के लिए एयरपोर्ट तक पहुंचे हुए थे। वहीं टीम इंडिया 07 फरवरी की रात कटक पहुंची थी। वहां भी भारी मात्रा में फैंस उनकी स्वागत करने के लिए पहुंचे हुए थे। बीसीसीआई ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें रोहित शर्मा, विराट कोहली, हार्दिक पांड्या समेत टीम इंडिया के सभी खिलाड़ी नजर आ रहे हैं। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा सीरीज के दूसरे मुकाबले से पहले टेंशन में होंगे।

दरअसल सीरीज के पहले मैच में श्रेयस अय्यर ने शानदार पारी खेली थी, लेकिन मैच शुरू होने से पहले प्लेइंग 11 का हिस्सा नहीं थे। विराट कोहली की इंजरी के कारण उन्हें प्लेइंग 11 में शामिल किया गया था। वहीं सीरीज के दूसरे मुकाबले से पहले विराट कोहली फिट हो गए हैं और प्लेइंग 11 का बिस्सा होंगे। ऐसे में रोहित शर्मा के लिए सबसे बड़ी टेंशन ये होगी कि वह श्रेयस अय्यर को कैसे प्लेइंग 11 में बनाए रख सकते हैं।

### इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया का स्क्वायड

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, यशस्वी जायसवाल, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, वॉशिंगटन सुंदर, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती



# एलेक्स कैरी ने रच दिया नया इतिहास

### बन गए कमाल करने वाले ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी

**मेलबर्न,08 फरवरी 2025।** श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जा रही 2 मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला गॉल के स्टेडियम में खेला जा रहा है, जिसमें कंगारू टीम की पकड़ काफी मजबूत हो गई है। श्रीलंका की टीम इस मुकाबले में अपनी पहली पारी में 257 रन बनाकर सिमट गई थी, जिसके बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम अपनी पहली पारी में 414 रन बनाने में कामयाब रही जिसके दम पर उसने 157 रनों की बढ़त भी हासिल की। दूसरे दिन के खेल में जहां स्टीव स्मिथ और एलेक्स कैरी के बल्ले से बेहतरीन शतकीय पारी देखने को मिली तो वहीं तीसरे दिन कैरी के बल्ले से एक और बड़ा कारनामा देखने को मिला और वह 156 रनों की पारी खेलने के साथ एक नया इतिहास भी रचने में कामयाब हुए। गॉल में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन के खेल में एलेक्स कैरी ने अपनी पारी को शानदार तरीके से आगे बढ़ाया जिसमें उन्होंने जल्द ही 150 रनों का आंकड़ा भी पार किया। कैरी इसी के साथ अब पहले ऐसे ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए हैं जो एशिया में 150 या उससे अधिक रनों की पारी खेलने में कामयाब हुए हैं।



# पॉल,शापोवालोव,मुनार और रूड डलास ओपन के सेमीफाइनल में

**डलास, 08 फरवरी 2025।।** डलास ओपन खिताब की रक्षा के लिए लगातार तीसरे मैच में टॉमी पॉल ने एक साथी अमेरिकी को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शुरुआती दौर में जेनसन ब्रूक्सबी और एथन क्विन के खिलाफ तीन सेटों में कड़ी जीत के बाद, तीसरे वरीय खिलाड़ी ने शुक्रवार के क्वार्टर फाइनल में अपने करीबी दोस्त रीली ओपेल्का को 7-6(3), 6-2 से हराकर दमदार प्रदर्शन किया।पॉल, जो अब 2024 की शुरुआत से घरेलू धरती पर 17-5 के रिकॉर्ड का दावा कर रहे हैं, ने डलास में सात जीत हासिल की हैं। शीर्ष 10 खिलाड़ी के रूप में अपने पहले टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करते हुए, विश्व नंबर 9 अपने 16वें टूर-लेवल सेमीफाइनल (7-8) और इंडोर हार्ड कोर्ट पर अपने चौथे सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं।

# इंटरकांटिनेंटल लेजेंड्स चैंपियनशिप ट्रॉफी का पहला सीजन मार्च में खेला जाएगा

**दुबई,08 फरवरी 2025।** दुबई में आयोजित एक भव्य समारोह में इंटरकांटिनेंटल लेजेंड्स चैंपियनशिप ट्रॉफी का अनावरण किया गया। यह एक ऐसा टूर्नामेंट है, जो दुनिया भर के कई क्रिकेट दिग्गजों को एक ही मंच पर लाने का काम करेगा। इंटरकांटिनेंटल लेजेंड्स चैंपियनशिप का पहला सीजन 3 से 12 मार्च 2025 तक देहरादून, उत्तराखंड के राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा, जिसमें अलग-अलग महाद्वीपों से 6 टीमें हिस्सा लेंगी, जिनके नाम अफ्रीका लायंस, अमेरिकन स्ट्राइकर्स, एशियन एवेंजर्स, यूरो ग्लैडीएटर्स, कैरेबियन हरिकेन्स और ट्रांस टाइटन्स हैं।

### आयोजन के दौरान मौजूद रहे ये दिग्गज

समारोह के दौरान उमेश कुमार, आईएलसी के सीईओ प्रदीप सांगवान, साउथ अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज और आईएलसी के प्रमोटर हर्शेल गिब्स, पूर्व भारतीय क्रिकेटर मुनाफ पटेल और 100 स्पोर्ट्स के संस्थापक रविंद्र भाटी उपस्थित रहे। लीग के बारे में बात करते हुए आईएलसी के सीईओ प्रदीप सांगवान ने कहा कि यह लीग सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि दुनिया भर के खेल प्रेमियों को एक मंच से जोड़ने का माध्यम है। भारत से शुरू होकर दुनियाभर के विभिन्न महाद्वीपों में यात्रा करने वाली यह लीग कई मायनों में खास है। इसका दृष्टिकोण खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धी भावना की एक नई उम्मीद जगाएगा।



### क्या बोले हर्शेल गिब्स

चर्चा को आगे बढ़ाते हुए साउथ अफ्रीका के पूर्व धाकड़ बल्लेबाज हर्शेल गिब्स ने कहा कि कि इंटरकांटिनेंटल बाकी लीगों से इसलिए भी अलग है, क्योंकि इसमें कई महाद्वीपों को शामिल किया गया है, और यही बात इसे और भी प्रतिस्पर्धी बनाती है। उन्होंने आगे कहा कि भले ही यह लेजेंड्स क्रिकेट है, लेकिन एक चीज जो खेल से कभी नहीं जाती, वह है प्रतिस्पर्धा और मुझे विश्वास है कि इस लीग में दर्शकों को एक उच्च स्तरीय क्रिकेट देखने को मिलेगा। इंटरनेशनल मंच पर इस लीग के जरिए क्रिकेट में होने वाले बदलाव पर चर्चा करते हुए उमेश कुमार, जो आईएलसी लीग के सीईओ भी हैं ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह लीग हमारे सपने के साकार होने जैसी है, जब हमने इस लीग की योजना बनाई थी, तभी मुझे विश्वास था कि हम एक ऐतिहासिक मंच तैयार कर पाए हैं। मैं उन सभी का आभार व्यक्त करना चाहता हूं, जिन्होंने इस दिन को खास बनाने में हमारा साथ दिया और उत्साह में चार चांद लगा दिए।



# अल्काराज ने रोटर्डम सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए परफेक्ट मैच खेला

**रोटर्डम,08 फरवरी 2025।** कार्लोस अल्काराज ने रोटर्डम ओपन में अपने नवीनतम प्रदर्शन को परफेक्ट मैच' घोषित किया, जब उन्होंने सीजन के अपने पहले एटीपी टूर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। स्पैनियार्ड ने शुक्रवार को हमवतन पेड्रो मार्टिनेज को 6-2, 6-1 से हराया, साथी स्पैनियार्ड के खिलाफ अपनी लगातार 12वीं जीत के साथ देशवासियों पर अपना दबदबा बनाए रखा।

अल्काराज ने मैच के बाद कहा, मैंने आज वास्तव में अच्छा टेनिस खेला, वास्तव में उच्च स्तर का और मैंने फिर से सही चीजें की हैं। मैं मैच से पहले वास्तव में अपने कामों पर, अपने टेनिस पर केंद्रित था। मैंने आज अपना सब कुछ झोंकने की कोशिश की। आक्रामक रहा, हर बिंदु पर उसे सीमा तक धकेला। मुझे लगता है कि मैंने परफेक्ट मैच खेला और मैं हर दिन सुधार करते हुए खुश हूं। उम्मीद है कि सेमीफाइनल में मैं और भी बेहतर प्रदर्शन करूंगा। 21 वर्षीय अल्काराज़ ने अपने रोटर्डम डेब्यू में बोटिक वैन डे ज़ैंड्सचुल्प को हराने के लिए तीन सेटों की ज़रूरत के बाद थकान के कोई लक्षण नहीं दिखाए। इसके बाद उन्होंने दूसरे राउंड में एंड्रिया वावस्सोरी पर शानदार जीत दर्ज की और मार्टिनेज के खिलाफ़ भी उतने ही प्रभावशाली रहे, उन्होंने 71 मिनट तक चले मुकाबले को क्लिनिकल अंदाज़ में जीत लिया। शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने पहले सेट में 17 विनर्स लगाए और कभी ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं किया।

स्पेनियार्ड अब अपने कोच जुआन कार्लोस फरेरो (2004), राफेल नडाल (2009) और पाब्लो कारेनो बुस्ता (2020) के नक्शेकदम पर चलते हुए रोटर्डम में एटीपी 500 इवेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले देश के एलीट खिलाड़ियों के समूह में शामिल हो गया है। अल्काराज़ अब अपने 33वें टूर-लेवल सेमीफाइनल में पोलैंड के ह्यूबर्ट हर्काज़ से भिड़ेंगे, क्योंकि वह अक्टूबर में बीजिंग के बाद से अपना पहला खिताब जीतने की कोशिश करेंगे।

# डीसी के लिए केएल राहुल के साथ ओपनिंग कर सकता है फाफ डु प्लेसिस

**नईदिल्ली,08 फरवरी 2025।** आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन से दिल्ली कैपिटल्स ने एक मजबूत टीम तैयार कर ली है। हालांकि, फ्रेंचाइजी ने अब तक कप्तान का ऐलान नहीं किया है लेकिन, उनके पास केएल राहुल सहित कुछ बेहतरीन कैप्टेंसी ऑप्शंस हैं। अब सवाल उठता है कि फ्रेंचाइजी के लिए अपकमिंग सीजन में ओपनिंग करने कौन आएगा? तो आइए आपको ओपनिंग जोड़ी के बारे में बताते हैं। आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन से दिल्ली कैपिटल्स ने 2 ऐसे खिलाड़ी खरीदे हैं, जिनका आने वाले सीजन में उनके लिए पारी की शुरुआत करते नजर आना तय है। हम बात कर रहे हैं केएल राहुल और फाफ डु प्लेसिस पारी की शुरुआत करने आ सकते हैं. दोनों के ही ओपनिंग रिकॉर्ड्स कमाल के हैं। वैसे तो दिल्ली के पास और भी ओपनिंग विकल्प हैं, लेकिन केएल-फाफ दोनों के पास ही भरपूर अनुभव है, जो टीम को मजबूत शुरुआत दिलाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।



दिल्ली कैपिटल्स के लिए कप्तानी के दावेदार माने जा रहे केएल राहुल ने वैसे तो आईपीएल में 123 मैच खेले हैं, लेकिन उन्होंने 99 मुकाबलो में ओपनिंग की है। फ्रेंचाइजी ने 136.92 की स्ट्राइक रेट और 48.64 के औसत से 4183 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 4 शतक और 35 अर्धशतक आए हैं। फाफ डु प्लेसिस ने आईपीएल में 145 मैच खेले हैं, लेकिन उन्होंने 110 मैचों में ओपनिंग की है, जिसमें 138.307 की स्ट्राइक रेट और 37.279 के औसत से 3802 रन बनाए हैं. इस दौरान उन्होंने 33 फिफ्टी बनाई हैं. इतना ही नहीं फाफ के बल्ले से 358 चौके और 151 छक्के निकले हैं. फाफ ना केवल एक खतरनाक बल्लेबाज हैं बल्कि फाफ एक बेहतरीन फील्डर हैं और वह आईपीएल में 81 कैच लपक चुके हैं.

अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, केएल राहुल, ट्रिस्टन स्टब्स, अभिषेक पोरेल, मिशेल स्टार्क, हैरी ब्रूक, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, टी. नटराजन, करुण नायर, समीर रिजवी,आशुतोष शर्मा,त्रिपुराना विजय,माधव तिवारी, मोहित शर्मा,फाफ डुप्लेसी, मुकेश कुमार, दर्शन नालकांडे, वी. निगम, दुष्मंथा चमीरा, डोनोवन फरेरा, अजय मंडल, मनवंत कुमार.

# मुंबई इंडियंस के लिए मैच विनर साबित हो सकते हैं ये 3 अनकैप्ड खिलाड़ी

**नईदिल्ली,08 फरवरी 2025।** मुंबई इंडियंस आईपीएल की सबसे सफल टीमों में से एक रही है, जिसने पांच बार आईपीएल का टाइटल जीता है हालांकि, पिछले कुछ सीजन से टीम ट्रॉफी नहीं जीत पाई है। और प्रदर्शन भी अच्छा नहीं रहा है। इस बार मुंबई की टीम नें मेंगा ऑक्शन में कुछ नए खिलाड़ियों को मौका दिया है। इनमें से 3 ऐसे अनकैप्ड खिलाड़ी हैं जो मुंबई को आईपीएल 2025 का चैंपियन बना सकते हैं। वो 3 अनकैप्ड खिलाड़ी कौन हैं जो मुंबई इंडियंस के लिए गेम चेंजर बन सकते हैं।



झारखंड के विकेटकीपर बल्लेबाज रॉबिन मिंज को आक्रामक बल्लेबाज के तौर पर जाना जाता है। मुंबई इंडियंस को पिछले कुछ समय से एक अच्छे विकेटकीपर बल्लेबाज की तलाश थी। रॉबिन घरेलू क्रिकेट में हार्ड हिटिंग के लिए काफी मशहूर हैं।रॉबिन मिंज ने अगर मुंबई उन्हें सही मौके देती है, तो वह अपनी बल्लेबाजी से टीम के लिए गेम चेंजर खिलाड़ी बन सकते हैं। रॉबिन मिंज की विकेटकीपिंग और आक्रामक बल्लेबाजी मुंबई के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है।


न्यूजीलैंड के 22 साल के बल्लेबाज बेवन जैकब्स ने हाल ही में अपनी बल्लेबाजी से चर्चा बटोरी है। वन जैकब्स ने टी 20 में 20 मैच खेले हैं जिसमें उन्होने 17 पारियों में 423 रन बनाए हैं. बेवन जैकब्स का स्ट्राइक रेट लगभग 148.42 का रहा है, जो उन्हें एक आक्रामक बल्लेबाज बनाता है। अगर उनका बल्ला चल पड़ा, तो मुंबई की टीम को फायदा हो सकता है। जैकब्स की बल्लेबाजी मुंबई के लिए गेम चेंजर साबित हो सकती है। पंजाब में हुए टी-20 टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले नमन धीर ने पिछले सीजन में अपनी काबिलियत दिखा दी थी। नमन टॉप ऑर्डर में बल्लेबाजी करते हैं और पहले ही गेंद से बड़े शॉट्स मारने में माहिर हैं। नमन छक्के मारने में माहिर हैं, और इसी कारण उनकी पहचान बनी है। साथ ही, वह स्पिन गेंदबाजी भी कर सकते हैं, जिससे वह मुंबई के लिए एक बेहतरीन ऑलराउंड ऑप्शन बन सकते हैं।

इन तीन अनकैप्ड खिलाड़ियों के पास वो सारी ताकत और काबिलियत है, जो मुंबई इंडियंस को आईपीएल 2025 का चैंपियन बना सकती है। अगर इन खिलाड़ियों को मौका मिलता है और ये खिलाड़ी अपनी पूरी क्षमता से खेलते हैं, तो मुंबई एक बार फिर चैंपियन बन सकती है।

# ओपनिंग डे पर छाई विदामुयार्ची

### नॉर्थ अमेरिका में अजित कुमार की फिल्म ने तोड़ा कमाई का ये रिकॉर्ड

साउथ सुपरस्टार अजित कुमार की एक्शन थ्रिलर फिल्म विदामुयार्ची ने ओपनिंग डे पर बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दिया है। दो साल बाद पर्दे पर लौटे अजित कुमार ने फैंस को फिल्म विदामुयार्ची से मनोंरजन का बड़ा तोहफा दिया है। फिल्म विदामुयार्ची को भारत में बड़ी ओपनिंग मिली है। वहीं, अजित ने विदामुयार्ची से नॉर्थ अमेरिका में अपने लिए कमाई से इतिहास रच दिया है। बार-बार पोस्टपोन होने के बाद फिल्म विदामुयार्ची को आखिरकार थिएटर नसीब हुए और फिल्म ने बॉक्स ऑफिस ही हिला डाला है। इससे पहले अजिन ने साल 2023 में रिलीज हुई एक्शन थ्रिलर फिल्म थुनिवू से धमाका किया था. थुनिवू अजित की नॉर्थ अमेरिका में सबसे बड़ी ओपनिंग लेने वाली फिल्म थी, जिसका रिकॉर्ड विदामुयार्ची ने तोड़ दिया है। बता दें, विदामुयार्ची साल 1997 में रिलीज हुई अमेरिकन फिल्म ब्रेकडाउन से अडेप्ट की गई है। विदामुयार्ची की रिलीज से पहले अटकलें थी फिल्म 16 करोड़ रुपये से ओपनिंग करेगी,लेकिन पॉपुलर इंडस्ट्री ट्रैकर सैकनिल्क की मानें तो फिल्म विदामुयार्ची ने पहले दिन 22 करोड़ रुपये से खाता खोला है, हालांक फिल्म का ऑफिशियल आंकड़ा आना बाकी है। विदामुयार्ची ने तमिल में 21.5 करोड़ रुपये और तेलुगू में 0.5 करोड़ रुपये कमाए हैं। विदामुयार्ची का निर्देशन मगीज तिरुमेनी ने किया है। वहीं, ओपनिंग डे पर फिल्म का ऑक्यपेंसी रेट 61.23 दर्ज किया गया है।अजित ने विदामुयार्ची से नॉर्थ अमेरिका में कमाई के झंडे गाड़ दिए हैं। ट्रेड एनालिस्ट रमेश बाला की मानें तो विदामुयार्ची ने प्रीमियर शो और ओपनिंग डे को मिलाकर कुल 440 हजार डॉलर की कमाई है। वहां, फिल्म 5 फरवरी को पर्दे पर लगी थी. वहीं, मलेशिया में विदामुयार्ची ने भी तगड़ी पकड़ बनाई है। विदामुयार्ची ने नॉर्थ अमेरिका में थुनिव से अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन भारत में थुनिवू से कम कमाई की है, थुनिवू का ग्रॉस कलेक्शन 240.4 करोड़ रुपये है। विदामुयार्ची अपने पहले वीकेंड मोटा पैसा कमाने की ओर जा रही है। यह कहानी एक उस शख्स की हिम्मत की है, जिसकी पत्नी को किडनैप कर अजरबैजान में रखा जाता है और वो उसे बचाने जाता है। फिल्म एक्शन सीन से ही शुरू होती है और एक्शन पर एंड करती है। फिल्म में अर्जुन सरजा, तृषा कृष्णन और रेजिना कैसेंड्रा अहम रोल में हैं।






# आर माधवन ने खरीदी अनोखी बाइक

बॉलीवुड में कई स्टार्स बाइक राइड्स के शौकीन हैं। अक्षय कुमार से लेकर जॉन अब्राहिम तक कई बॉलीवुड सेलिब्रिटी खुद भी कई तरह की बाइक खरीदते हैं और उन्हें चलाने सड़क पर भी निकल जाते हैं। लेकिन बॉलीवुड के एक और एक्टर हैं जिन्होंने एक अनोखी बाइक खरीदी है। इस बाइक को खरीदने वाले वे पहले सेलिब्रिटी बन गए हैं। इस बाइक का नाम है ब्रिक्सटन क्रॉमवेल 1200। इस बाइक को बॉलीवुड एक्टर आर माधवन ने खरीदा है। आर माधवन मुंबई में अपने लग्ज्यूरियस घर में रहते हैं और मंहगी कारों के भी शौकीन हैं। माधवन के पास कई बेहतरीन कारों का जखीरा है और सुपरबाइक्स भी खरीदते रहते हैं। माधवन के पास बीएमडब्ल्यू, ऑडी, रेंज रोवर समेत कई बेहतरीन कारों का कलेक्शन है। माधवन की तस्वीरों में भी ये कलेक्शन कई बार देखने को मिला है। इसके साथ ही माधवन बाइक्स भी शौकीन हैं। माधवन के पास बीएमडब्ल्यू के1600 जीटीएल और रोडमास्टर क्रूजर समेत कई बेहतरीन बाइक्स का भी कलेक्शन है। इसके साथ ही डुकाटी भी मौजूद है।

# परेश रावल की तेरा यार हूं मैं से जुड़ीं नेहा खान



पिछले काफी समय से दिग्गज अभिनेता परेश रावल अपनी आगामी फिल्म तेरा यार हूं मैं को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं, जिसके निर्देशन की कमान मिलाप मिलन जावेरी ने संभाली है।यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि इसके जरिए जाने-माने निर्देशक और निर्माता इंद्र कुमार के बेटे अमन इंद्र कुमार अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं।अब तेरा यार हूं मैं की स्टार कास्ट में नेहा खान भी शामिल हो गई हैं।रिपोर्ट के अनुसार, तेरा यार हूं मैं में अमन की जोड़ी नेहा के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा।निर्माताओं ने फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने के लिए नेहा से संपर्क किया है और अभिनेत्री ने इस फिल्म के लिए हामी भर दी है।रिपोर्ट में दावा किया गया है कि उन्होंने अपने हिस्से की शूटिंग शुरू कर दी है। कहा जा रहा है कि नेहा फिल्म में तनिषा नाम की लड़की का किरदार निभाएंगी।तेरा यार हूं मैं जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

CMYK

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### सभी मंत्री,सांसद और विधायक 13 को महाकुंभ में डुबकी लगाएंगे

**रायपुर,08 फरवरी 2025(ए)।** सीएम विष्णुदेव साय ने प्रयागराज दौरे की जानकारी दी। छत्तीसगढ़ के



सभी मंत्री, सांसद और विधायक 13 फरवरी को महाकुंभ में डुबकी लगाएंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सभी को पत्र लिखकर न्योता भेजा है, जिसमें लिखा है कि मेरी इच्छा है कि विधानसभा के सभी सदस्य, सांसद महाकुंभ स्नान का लाभ लें।


### नीट पीजी 2024 काउंसलिंग में नियमों की अनदेखी




### बिना पात्रता के अभ्यर्थी को मिला बोनस अंक,जांच की उठी मांग

**रायपुर,08 फरवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ राज्य के मेडिकल कॉलेजों में नीट पीजी 2024 काउंसलिंग में बोनस अंक प्रदान करने में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। कुछ अभ्यर्थियों को तीन वर्ष की अनिवार्य सेवा पूरी किए बिना ही 30 प्रतिशत बोनस अंक दे दिए गए, जिससे मेरिट लिस्ट प्रभावित हुई है। इस संबंध में नीट पीजी 2024 के स्टूडेंट्स ने स्वास्थ्य विभाग के आयुक्त सह संचालक को शिकायत पत्र सौंपा है।

### हाईकोर्ट में बेटे ने मां को नहीं पहचाना,जस्टिस हुए हैरान



**बिलासपुर,08 फरवरी 2025(ए)।** सालों से मां से अलग दादा-दादी के पास रह रहे 7 साल के बच्चे ने अपनी मां को नहीं पहचाना। हाई कोर्ट के आदेश पर पिता बेटे और मां अपने साथ बेटी को लेकर आई थी। इस दौरान बेटे ने अपनी मां को पहचानने से इनकार कर दिया। यहां तक कि मां के करीब जाने पर वह पिता के पीछे छिप गया। इस पर जस्टिस रजनी दुबे और जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की डिवीजन बेंच ने पिता से कहा कि भिलाई के मॉल में वह रविवार को 4 घंटे बेटे को मां से मिलाए। इस दौरान पिता भी अपनी बेटी से मिल सकेगा।अब 10 मार्च को सुनवाई होगी।

### अब छत्तीसगढ़ में पेट्रोल पंपों पर होगी वाहनों की प्रदूषण जांच




**रायपुर,08 फरवरी 2025(ए)।** पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए छत्तीसगढ़ में अब पेट्रोल पंपों पर वाहनों की प्रदूषण जांच सेंटर (पीयूसी) स्थापित किए जाएंगे। पेट्रोलियम कंपनियों ने इसके लिए सहमति दे दी है, जिससे वाहन चालकों को पीयूसी प्रमाण पत्र प्राप्त करना और भी सरल हो जाएगा और उन्हें अन्य केंद्रों की तलाश में भटकना नहीं पड़ेगा।यह पहल वाहनों से होने वाले वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने में मददगार होगी और राज्य में पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

### छात्रों से अश्लील हरकत के आरोप में शिक्षक बर्खास्त

**रायपुर,08 फरवरी 2025(ए)।** बिलासपुर जिले में शिक्षा विभाग ने एक शिक्षक कमलेश साहू को गंभीर आरोपों के चलते सेवा से बर्खास्त कर दिया है। शिक्षक



पर छात्रों से अश्लील हरकत, मैसेज भेजने और बेड टच करने का आरोप था। शिकायतों की जांच के दौरान यह आरोप सही पाए गए, जिसके बाद शिक्षा विभाग ने रिपोर्ट संयुक्त संचालक को भेजी। संयुक्त संचालक ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कमलेश साहू को तुरंत बर्खास्त कर दिया।

### कांग्रेस नेता महेंद्र वर्मा के फार्म हाउस से 500 पेटी शराब जब्त



**दुर्ग,08 फरवरी 2025(ए)।** दुर्ग पुलिस और आबकारी विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए पाटन विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र वर्मा के फार्म हाउस से 500 पेटी शराब जब्त की है। यह शराब नगरीय निकाय चुनाव में बांटने के लिए रखी गई थी।

# सीजीपीएससी घोटाले के 5 आरोपी आए गिरफ्त में

**» मंत्रालय के फर्जी ई-मेल बनाकर कर दिया खेला आधा दर्जन अरेस्ट**

**रायपुर,08 फरवरी 2025(ए)।** सीजीपीएससी घोटाले का सरगना निकला टामन सिंह सोनवानी का साला ? अब आप सोच रहे होंगे कि सोनवानी के साले ने आखिर ऐसा क्या कर डाला? तो जनाब देवेन्द्र जोशी नाम का ये शख्स ही मंत्रालय का फर्जी ई -मेल बनाकर खेल कर गया। इसी मेल से सभी युवाओं को फर्जी ज्वाइनिंग लेटर जारी किया गया था। इसी सीजीपीएससी फर्जीवाड़े के मामले में पूर्व अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी जेल में बंद है। 60 युवाओं से पांच करोड़ की इस ठगी के छह आरोपियों को अरेस्ट किया गया है।

**ठगी की रकम को क्या किया**

फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। ठगी की रकम से जमीन, सोना, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और फ्लैट खरीदे। क्रिप्टो कंरेंसी में भी निवेश किया गया। आरोपितों ने जो भूमि खरीदी है उसके व्ययन (खर्च करना) पर रोक के लिए पत्र लिखा गया है। आरोपियों के बैंक खातों से 15 लाख रुपये होल्ड कराए गए हैं। अरेस्ट हुए आरोपियों के कब्जे से तीन मोबाइल, चार सोने के सिक्के, एक सोने का हार, एक बिंदिया, दो ऐसी, एक फ्रीज, दो पंखा, एक स्कार्पियो वाहन सहित अन्य करीब 50 लाख रुपये का सामान जब्त किया गया है।



देवेंद्र जोशी। स्वप्निल दुबे। हलधर वेहरा। सोमेश दुबे। नफीज आलम। ●पुलिस

### टामन का साला ही निकला सरगना कौन -कौन फंसा शिकंजे में

आरोपी मंत्रालय की फर्जी ईमेल आईडी से फर्जी नियुक्ति पत्र ई -मेल पर भेजते थे। अपने वाहन में छग शासन की नाम पट्टिका का उपयोग कर पीड़ितों को चकमा देते थे। सिविल लाइन पुलिस ने अब तक देवेंद्र कुमार जोशी, उसकी पत्नी झगीता जोशी, स्वप्निल दुबे, नफीज आलम, हलधर बेहरा, सोमेश दुबे को अरेस्ट किया है। मामले में फरार दूसरे आरोपियों की तलाश जारी है ।

### कैसे मामले का हुआ भंडाफोड़

29 जनवरी को पीडिता अंजना गहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि फरवरी 2021 को वह अपने परिवार के साथ मौसा-मौसी देवेंद्र जोशी व झगीता जोशी के घर गई थी। अंजना ने नौकरी करने की इच्छा जताई। देवेंद्र और झगीता ने बड़े अधिकारी से जान पहचान होने की बात बताई . इसके बाद उसने नौकरी लगवाने के नाम पर पीडिता के साथ-साथ गजेंद्र लहरे, कुणाल देव, भुनेश्वर सोनवानी सहित अन्य से 25-25 लाख रुपये लिए। इसके बाद जब नौकरी नहीं लगी तो पीडिता रिपोर्ट दर्ज करवाई गई।

### कैसे युवाओं को ठगा

देवेंद्र जोशी ने पूछताछ के दौरान अपने साथी स्वप्निल दुबे को इंद्रावती भवन भेजकर प्रार्थी और अन्य लोगों के सत्यापन के लिए कार्यवाही कराना भी क़ुबूल किया था। इसी के आधार पर स्वप्निल को भी पकड़ा गया। वह वैगन रिपेयर शॉप,दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर में तकनीशियन-प्रथम के पद पर कार्यरत है।

### जुर्म का कर लिया इकबाल

पूछताछ में उसने अपने साथी सोमेश दुबे, नफीज आलम और विकास शर्मा (जिसकी वर्तमान में सड़क हादसे में मौत हो गई) के साथ चैनल बनाकर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर लगभग 60 बेरोजगारों से अब तक पांच करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करना स्वीकार किया।

# भाजपा ने अपना आरोप-पत्र किया जारी

**» कांग्रेस ने आपदा तक को लूट का अवसर बनाया...**

**रायपुर,08 फरवरी 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ बीजेपी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने शनिवार को कांग्रेस महापौरों के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा, लोकसभा और रायपुर दक्षिण उपचुनावों के बाद अब प्रदेश की जनता नगरीय निकाय चुनावों में कांग्रेस को करारी शिकस्त देने के लिए तैयार है।

श्रीवास्तव ने आरोप पत्र जारी करते हुए कहा कि कांग्रेस के 15 सालों के शासनकाल में भ्रष्टाचार, वादाखिलाफी और कुशासन का बोलबाला रहा। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय लोकतंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसके जरिए शहरों का विकास होता है और जनता से सीधा जुड़ाव होता है। एकात्म परिसर स्थित बीजेपी कार्यालय में आरोप पत्र जारी करते हुए श्रीवास्तव ने कांग्रेस के शासन पर तीखा हमला किया।

### भाजपा के आरोप-पत्र में जिन बिन्दुओं को लेकर कांग्रेस पर हमला बोला गया है, वे इस प्रकार हैं...



➡ कांग्रेस के 15 साल के शासन में नगर निगम रायपुर में भ्रष्टाचार और लूट के सारे कीर्तमान टूटे।

➡ कोरोना महामारी में भी कांग्रेस भ्रष्टाचार से बाज नहीं आई। लगभग 80 लाख रुपया अस्थायी कोविड केयर के सामानों का किराया दिया, जबकि उन्हें खरीदने की राशि भी इतनी नहीं होती।

➡ तालाबों के सौंदर्यीकरण के नाम पर भी कांग्रेस के महापौरों ने जमकर लूट मचाई। करोड़ों रुपए में खरीदे गए फव्वारे चंद दिनों में ही बंद पड़ गए जिसमें बुढ़ा तालाब का 5 करोड़ रु. लागत का म्यूजिकल फाउंटेन भी शामिल है जो केवल एक सौ दिन ही चला।

➡ तेलीबांधा से वीआईपी रोड तक का सौंदर्यीकरण बिना टेंडर के ही पूर्ण कर दिया गया था, जिसे जनता ने वॉल ऑफ करप्शन का नाम भी दिया।

➡ होर्डिंग्स के मामले में भी कांग्रेस ने भ्रष्टाचार किया, 27 करोड़ का यह घोटाला यूनीपोल घोटाला के नाम से प्रचलित हुआ।

➡नरैया तालाब के सौंदर्यीकरण में भी फर्जीवाड़ा किया गया। 27 लाख का फर्जी वेतन, 40 लाख का टेंडर घोटाला भी सामने आया। यहां तक कि, 100 रुपये की चीजों को हजारों रुपए में खरीदा गया।

➡ वित्त आयोग से 10 इलेक्ट्रॉनिक बस की खरीदी के लिए 22 करोड रुपए आवंटित किए गए लेकिन राजधानी में एक भी बस नहीं दौड़ी।

➡ 2 साल से बंद पड़ी कंपनियों को बिना जांच और एनओसी के ठेके दिए गए, जिसमें जमकर भ्रष्टाचार हुआ।

➡ शहर के लगभग सभी क्षेत्रों में पार्किंग एवं ट्रैफिक की जमकर अव्यवस्था रही, प्रदूषण से भी लोगों का जीना मुहाल हुआ।

➡ शहर में नालियां जाम रही, साफ सफाई न होने की वजह से लगातार कई इलाकों में मलेरिया, पीलिया जैसी बीमारियां फैलती रही।

➡ व्यावसायिक क्षेत्र में जाने वाली महिलाओं को टॉयलेट की भारी कमी से जूझना पड़ा।

➡ जनता से अधिक कर की वसूली भी एक पीड़ा देने वाला विषय रहा। कांग्रेस द्वारा मूल कर में ब्याज, पेनाल्टी इत्यादि जोड़कर जनता को जमकर परेशान किया गया।

➡ संप्रदाय विशेष को संरक्षण के कारण लगातार अपराध होते रहे। सभ्य नागरिकों का जीना मुहाल रहा।

➡महापौर के रिश्तेदारों का आतंक न केवल आम निवासियों बल्कि पुलिस वालों तक पर चलता रहा।

➡ मतांतरण आदि की घटनाएँ लगातार होती रही, उसे निगम और तब की प्रदेश कांग्रेस सरकार का प्रश्रय रहा। अपराधियों के हौसले इतने बुलंद थे कि तिरंगा जलाने, संविधान फाड़ देने राज की बातें सरेआम की जा रही थी।

## महंत कौन होते हैं धार्मिक को नकारने वाले : पंकज झा



**रायपुर,08 फरवरी 2025(ए)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के प्रदेश के तमाम विधायकों और सांसदों को महाकुंभ में स्नान के लिए प्रयागराज साथ चलने का निमंत्रण को कांग्रेस ने ठुकरा दिया है। इस पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मीडिया सलाहकार पंकज झा इस पर तंज कसते हुए सोशल मीडिया में पोस्ट किया है। मुख्यमंत्री साय के मीडिया सलाहकार पंकज झा ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर किए अपने लंबे पोस्ट में कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने प्रदेश के सभी सांसदों-विधायकों को कुंभ चलने का निमंत्रण दिया गया है। इसे छत्तीसगढ़ कांग्रेस द्वारा ठुकरा देना अत्यंत ही दुःखद है। कांग्रेस की राजनीति वास्तव में रोज डुबकी लगा रहा है। उनकी राजनीति का स्तर रोज नये गोते खा रहा है।

इसके साथ ही इस विषय पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत की ओर से लिखे पत्र पर आपत्ति जताते हुए कहा कि कांग्रेस के विधायकों को बिल्कुल भी इस मामले में अपने नेता की बात नहीं मानना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष का निर्देश राजनीतिक मामलों में तो समझ में आता है, लेकिन वे विधायकों के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप करें, यह अनुचित है। सभी विधायक-सांसदों को अपनी आस्था और अंतरात्मा अनुसार निर्णय लेना चाहिए।

## ढेबर के करीबी शहर में मचा रहे आतंक



**रायपुर,08 फरवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ भाजपा ने रायपुर नगर निगम में पिछले 15 वर्षों से कांग्रेस महापौर के कार्यकाल को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने एकात्म परिसर में आयोजित प्रेसवार्ता में आरोप पत्र जारी करते हुए कहा कि विधानसभा, लोकसभा और रायपुर दक्षिण उपचुनाव के बाद अब प्रदेश की जनता नगरीय निकाय चुनावों में कांग्रेस को करारा जवाब देने के लिए तैयार है। संजय श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस के 15 साल के शासन में रायपुर नगर निगम में भ्रष्टाचार अपने चरम पर पहुंच गया। यहां तक कि कोरोना महामारी के दौरान भी कांग्रेस भ्रष्टाचार से पीछे नहीं हटी। उन्होंने आरोप लगाया कि तालाबों के सौंदर्यीकरण के नाम पर भी बड़े पैमाने पर लूटपाट हुई। विशेष रूप से, तेलीबांधा से वीआईपी रोड तक के सौंदर्यीकरण में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार देखने को मिला। भाजपा नेता ने यह भी कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान एक विशेष समुदाय को संरक्षण देने के कारण अपराधों में वृद्धि हुई, जिससे आम नागरिकों का जीवन कठिन हो गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि महापौर के करीबी रिश्तेदारों का दबदबा इतना बढ़ गया कि आम नागरिक ही नहीं, बल्कि पुलिसकर्मी भी उनके आतंक से परेशान रहे।




## 5 पंचायतों में भाजपा समर्थित सरपंच निर्विरोध निर्वाचित

**दंतेवाड़ा-रायपुर,08 फरवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से पहले ही भाजपा ने अपनी सफलता की शुरुआत कर दी है। दंतेवाड़ा जिले के 5 पंचायतों में भाजपा समर्थित सरपंच निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। विधायक चैतराम अटामी और भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने सभी निर्विरोध सरपंचों को मिठाई खिलाकर बधाई और शुभकामनाएं दी।दंतेवाड़ा जिले के नक्सल प्रभावित गांवों से निर्विरोध चुने गए सरपंचों में नेलगोड़ा से सुखराम लेकामी, बुदपदर से घासीराम कश्यप, चेरपाल से मुनी बाई कश्यप, कारली 2 से रीना कश्यप, और हारला से शक्ति बेरला शामिल हैं।वहीं, त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के लिए छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में मतदान होगा। नामांकन और नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, और अब प्रचार जोरों पर है। 17 फरवरी, 20 फरवरी, और 23 फरवरी को सरपंच, पंच, जिला पंचायत सदस्य और जनपद पंचायत सदस्यों के चुनाव के लिए मतदान होगा।

## सीजीएमएससी में अरबों रुपए के घोटाला मामले में मोक्षित मोक्षित कार्पोरेशन के बाद तीन सहयोगी कंपनियां भी ब्लैक लिस्टेड

**रायपुर,08 फरवरी 2025(ए)।** सीजीएमएससी में हुए अरबों के घोटाले के सूत्रधार मोक्षित कार्पोरेशन के बाद सहयोगी कंपनियों को भी ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया है। इनमें से दो कंपनियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट थाने में ईओडब्लू द्वारा दर्ज कराई गई थी। काली सूची शामिल की गई तीसरी शेल कंपनी थी। दवा निगम द्वारा कुछ और कंपनियों पर आगे भी कार्रवाई किए जाने की संभावना है। घोटाला सामने आने के बाद सीजीएमएससी की एमडी ने पुरानी लापरवाही और अनुबंध को तोड़ने तथा आपराधिक मामले में अपराध दर्ज होने की वजह से मोक्षित कार्पोरेशन को तीन साल के लिए ब्लैक लिस्टेड कर दिया था। कंपनी इस अवधि में दवा कारपोरेशन के किसी भी टेंडर में भागीदारी नहीं कर पाएगी। इसके बाद दवा कार्पोरेशन द्वारा मोक्षित की सहयोगी तथा रीएजेंट और उपकरण की सप्लाई के नाम पर कई सौ करोड़ का घोटाला करने वाली सहयोगी कंपनी पर भी कार्रवाई की है। ईओडब्लू ने जनवरी के अंतिम दिनों में छापेमारी के दौरान पंचकूला हरियाणा के रिकार्डर्स एंड मेडिकेयर, धरसींवा के ग्राम तर्रा स्थित शारदा इंडस्ट्रीज में छापेमारी की थी।




इन कंपनियों के पास दवा अथवा उपकरण बनाने किसी तरह के संसाधन नहीं थे। इस कंपनी के भी मोक्षित के सहयोग के लिए बनाई गई शेल कंपनी होने का जिक्र है। एफआईआर में एक और कंपनी सीबी कार्पोरेशन का जिक्र है, जो दुर्ग में स्थित है इस कंपनी को भी शीघ्र ब्लैक लिस्ट में शामिल किए जाने की संभावना है।

## सेवानिवृत्ति के 6 माह पश्चात् जीपीएफ से नहीं कर सकते वसूली

**हाई कोर्ट ने सुनाया अहम फैसला**



**बिलासपुर,08 फरवरी 2025(ए)।** सेवानिवृत्त होने के बाद मिलने वाली सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) की राशि किसी भी कर्मचारी के लिए आगे के जीवन का आधार होती है। ऐसे में जीपीएफ से वसूली के आदेश को चुनाती देते हुए दायर याचिका पर हाई कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। बेंच ने कहा कि सेवानिवृत्ति के छह माह पश्चात जीपीएफ से राशि की वसूली नहीं की जा सकती है।

## निर्दलीय प्रत्याशी का आरोप...आधी रात घर में घुसे पुलिसवाले और घसीटते हुए गाड़ी में बैठाने का किया प्रयास

**» ग्रामीणों के विरोध के बाद भाग निकले पुलिसकर्मी**

**» एसपी से की शिकायत,**

**महासमुंद,08 फरवरी 2025(ए)।** जिले के नगर पंचायत तुमगांव में निर्दलीय प्रत्याशी बलराम साहू ने पुलिस वाले पर आधी रात को धमकी देने और घर से उठाने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। प्रार्थी ने इस मामले की शिकायत एसपी से की है और घटना की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। एसपी से शिकायत पर प्रार्थी ने बताया है कि मैं बलराम साहू पिता स्व. फेरूराम साहू निवासी नगर पंचायत तुमगांव निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहा हूं। बीती रात्रि लगभग 01 बजे मेरे घर में दो वाहन में कुछ पुलिस वाले और उनके साथ कुछ नकाबपोश लोग आए. फिर बिना कुछ जानकारी दिए सोए बिस्तर से घसीटते हुए बाहर निकालकर अपने वाहन पर बैठाने का प्रयास किया। पुलिस से पूछता रहा कि मेरा अपराध क्या है, लेकिन पुलिस वाले कुछ बताने से इनकार करती रही और कहते रहे कि ऊपर से आदेश है।प्रार्थी ने बताया कि पुलिस की इस व्यवहार का विरोध करने लगा तो कुछ पुलिस वाले ने मेरे, मेरे परिवार और मेरी पत्नी के साथ गाली गलौज कर डराने धमकाने का प्रयास किया। इसकी जानकारी लगते ही आधी रात को आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने भी पुलिस से पूछा कि क्या बात है। हमारे प्रत्याशी को क्यों गिरफ्तार करने पहुंचे हो, इस पर भी पुलिस ने कुछ जवाब नहीं दिया। पुलिस की इस व्यवहार से ग्रामीण भी नाराज हुए और पुलिस का विरोध करने लगे. इसके बाद पुलिस वाले निकल गए।



### मर्डर,शराब केस में अंदर करने की दी धमकी

प्रार्थी बलराम साहू ने बताया घर से निकलते समय पुलिस वाले कहने लगे कि आज तुम ग्रामीणों के वजह से बच गए, लेकिन दो-तीन दिन में नहीं बचोगे, तुम्हें तो हम मर्डर केस या गांजा, दारू या किडनेपिंग में कुछ भी केस बनाकर जिला बदर का केस बनाकर अंदर करेंगे। इस मेरे पास पूरा पुख्ता सबूत है। पूरी घटना निर्दलीय प्रत्याशी के घर के सीसीटीवी कैमरे एवं मोबाइल में कैद हो गई है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)